दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 16 | अंक 342 | सीकर, रविवार 08 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## शहर की विभिन्न संस्थाओं ने श्रीचरणों में अर्पित किए अभिनंदन पत्र



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती परिसर में योगक्षेम वर्ष का उत्सव के रूप में आरंभ हो गया है। शनिवार को सुधर्मा सभा में नागरिक अभिनंदन समारोह हुआ। इस क्रम में तेरापंथी सभा अध्यक्ष प्रकाशचंद बैद, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष सुमित मोदी ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। आचार्यश्री महाश्रमण ने उपस्थित जनता को पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि आत्मा की शुद्धि अध्यात्म साधना का लक्ष्य होता है। वह शुद्धि धर्म की साधना के द्वारा अध्यात्म की साधना के द्वारा हो सकती है। अध्यात्म की साधना के अनेक आयाम हैं, अहिंसा की आराधना, संयम की साधना और तप ये सभी आत्म शुद्धि के उपाय हैं। आचार्यश्री ने कहा कि लाडनूं परम पूज्य गुरुदेव तुलसी की जन्मभूमि, दीक्षाभूमि और कुछ अंशों में कर्मभूमि भी है। लगातार दो-दो चातुर्मास यहां हुए हैं। गुरुदेव तुलसी इस जैन विश्व भारती परिसर में कितना-कितना भ्रमण करते थे। इस दौरान मुस्लिम समाज की ओर से शहर काजी मोहम्मद मदनी ने अभिनंदन पत्र अर्पित किया। सर्व ब्राह्मण समाज के मंत्री राजकुमार पारीक, रावणा राजपूत समाज से राजकुमार पंवार, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम-लाडनूं के अध्यक्ष डॉ. श्रेयांस घोड़ावत ने अपनी अभिव्यक्ति दी।

## तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव फेस्टिनो के अंतिम दिन कक्षा 7वीं से 9वीं के विद्यार्थियों का भव्य वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, संगीत एवं रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आर्केस्ट्रा, विजयी भवः, फ्यूजन, वूमन एंपावरमेंट, अरावली, होली, तेरहताली, महाराणा प्रताप, तान्हाजी, कॉमेडी, अमिताभ बच्चन, टॉलीवुड, ऑपरेशन सिंदूर, कृष्ण लीला, शिव तांडव, ओल्डेज होम सहित अनेक मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, ब्रिगेडियर जय सिंह, प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव, एकेडमिक हेड राकेश शेखावत सहित प्रिंस लोटस वैली के समस्त स्टाफसदस्य एवं हजारों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## मलेशिया पहुंचे मोदी को रिसीव करने खुद पहुंचे पीएम इब्राहिम

# 'दोस्त से किया वादा निभाने आया...'

# यहां जल्द यूपीआई लॉन्च करेंगे : मोदी



कुआलालंपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा, यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा- पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।

### मोदी बोले- भारतीयों ने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा-मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं।

# वृंदावन स्कूल को मिला नया भवन, विधायक भाम्बू ने किया शिलान्यास

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बिहारी सेवा सदन के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय वृंदावन, भड़ौंदा कलां में विद्यालय के नवीन, अत्याधुनिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक झुंझुनू राजेन्द्र भाम्बू भाजपा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विशंभर पूनिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अशोक शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनू, महेन्द्र सिंह जाखड़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झुंझुनू, राजवीर कनिष्ठ अभियंता समग्र शिक्षा अभियान झुंझुनू, सुरेन्द्र सिंह सरपंच भड़ौंदा कलां, राज श्री पंचायत समिति सदस्य भडूंदा कलां तथा संतोष दूलड़ पीईईओ भडूंदा कलां मौजूद रहे। विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ अधोसंरचना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की नींव होती है। नवीन विद्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीण विद्यालयों के विकास के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शीशराम वृंदावन, राजेन्द्र शर्मा, प्रबंधक बिहारी जी सेवा सदन वृंदावन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने विद्यालय भवन निर्माण कार्य के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण होने की कामना की।

## विद्यार्थियों को करवाया औद्योगिक भ्रमण



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडेला में संचालित व्यावसायिक शिक्षा की ट्रेड आईटी - आई टी आई ई एस तथा ब्यूटी अवर वेलनेस में अध्ययनरत कक्षा नौ व दस के (46+36 = 82) विद्यार्थियों को तृतीय औद्योगिक भ्रमण के लिए प्रधानाचार्य हरीश कुमार त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। के आर एम एक्वा ब्लू इंडस्ट्रीज एल एल पी, परसरामपूरा, सरगोठ में पानी प्लांट के ऑनर कैलाश कुमावत, मुकेश जांगिड़, राजीव मोहन पारीक ने विद्यार्थियों को आररो फिल्टर और बॉटल पैकिंग कंपनी में पानी के शुद्धिकरण, पैकेजिंग और मशीनरी के रखरखाव की बेसिक जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से आर ओ तकनीक, टी डी एस मीटर का उपयोग, बोतलों की धुलाई, फिलिंग, सिलिंग, लेबलिंग और क्वालिटी कंट्रोल शामिल है तथा जल शुद्धिकरण के लिए प्री फिल्ट्रेशन, पोस्ट ट्रीटमेंट एंव पानी की टेस्टिंग और पीएच स्तर का मापन करने की जानकारी उपलब्ध करवाई। बणी ठणी ब्यूटी पार्लर रींगस की प्रबंधक सुनंदा कुमावत ने छात्राओं को फेशियल मसाज, आइब्रो, हेयर स्पा, ब्लीचिंग, नेल आर्ट, ब्राइडल मेकअप, मैनीक्योर, पेडीक्योर की समस्त विधिवत जानकारी उपलब्ध कराई। कौशल मित्र रामस्वरूप धायल ने बताया कि विद्यार्थियों ने कौशलता एंव इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त करने की जानकारी ली और छात्रों ने खुशी जाहिर की। इस समय व्याख्याता इंदु यादव, पूनम मीणा व वीटी अरविंद योगी उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलन आज

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मूंडरू स्थित पहाड़ी बाबा आश्रम पर रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक डाक्टर विजय जोशी ने बताया कि मूंड: के बिहारीजी चौक से 11 बजे कलश यात्रा व झांकियां रवाना होगी। जो दोपहर 12 बजे पहाड़ी बाबा आश्रम पहुंचेंगी।



आयोजन स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शहीद परिवार, पर्यावरण, चिकित्सा, शिक्षा, गौसेवा, स्वच्छता सहित कई क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त लोगों का सम्मान किया जाएगा। जालपाली धाम के संत सुदर्शन दास महाराज के आशीर्वचन होंगे। मुख्य वक्ता हेमन्त सेठिया होंगे। आयोजन समिति की ओर से पीले चावल बांटकर तैयारियां की जा रही है। समारोह में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।इसी प्रकार श्रीमाधोपुर में अम्बेडकर और केशव बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी रविवार को आयोजित होंगे। कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित माहेश्वरी धर्मशाला और शिव मंदिर नांगलभीम सर्किल श्रीमाधोपुर पर आयोजित होने वाले हैं। इन कार्यक्रमों में संत शक्ति और सामाजिक विचारक अपने उद्बोधन देंगे।

# बीडीके अस्पताल बना सुरक्षित प्रसव का मॉडल केंद्र : डॉ जितेन्द्र भांबू

| अप्रैल से जनवरी तक जिलेभर में कुल संस्थागत प्रसव | बीडीके अस्पताल में सिजेरियन प्रसव | बीडीके अस्पताल में कुल प्रसव | बीडीके अस्पताल में जटिल प्रसव | नवजात शिशु इकाई में भर्ती गंभीर नवजात |
|---|---|---|---|---|
| 9923 | 1316 | 4199 | 1741 | 1532 |

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल झुंझुनू में आरसीएच समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत माह में हुई डिलिवरी संख्या, सिजेरियन प्रसव, जटिल प्रसव, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्युदर, नवजात शिशु इकाई में भर्ती दर तथा जन्मजात विकृति जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा व विश्लेषण किया गया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भांबू ने बताया कि राजकीय बीडीके अस्पताल जिले का सबसे बड़ा जटिल एवं सिजेरियन प्रसव केंद्र बन चुका है।

अस्पताल में अप्रैल माह से अब तक 4000 से अधिक प्रसव कराए जा चुके हैं, जिनमें 1500 से अधिक जटिल एवं सिजेरियन प्रसव शामिल हैं। अस्पताल में लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, ब्लड बैंक एवं नवजात शिशु इकाई की समुचित सुविधाओं के चलते गर्भवती महिलाओं एवं नवजातों को समग्र चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने बताया कि अब जनाना विंग में ही गर्भवती महिलाओं के लिए सीबीसी सहित अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं भी शुरू कर दी गई हैं, जिससे मरीजों को जांच के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। आरसीएचओ डॉ डीएन सिंह ने बताया कि बीडीके अस्पताल में जिलेभर में सर्वाधिक संस्थागत प्रसव के साथ-साथ जेएसवाई एवं लाडो योजना का लाभ भी अधिकतम महिलाओं को प्रदान किया जा रहा है। दस्तावेजों की कमी के कारण वंचित रह जाने वाली महिलाओं के लिए ब्लॉकवार कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसकी प्रत्येक शुक्रवार को मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में जन्मजात विकृति की प्रतिदिन डीईआईसी प्रबंधक प्रदीप एवं नर्सिंग अधिकारी द्वारा संयुक्त जांच कर पंजीयन, परामर्श, उपचार एवं रैफर की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पीएमएसएमए के तहत एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों का आमुखीकरण करने तथा उपजिला अस्पताल एवं सीएचसी स्तर पर महिला रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया गया ताकि आमजन को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

पीएमओ डॉ जितेन्द्र भांबू ने बताया कि अस्पताल में शिशु मृत्यु दर तथा लाडो एवं जेएसवाई योजनाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही प्रसव के बाद डिस्चार्ज के समय जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए महिलाओं को अनिवार्य रूप से जागरूक किया जाएगा। बैठक में आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा, प्रसूति रोग प्रभारी डॉ प्रियंका शेखसरिया, डॉ आकांक्षा सैनी, डॉ सोनिया सैनी, डॉ श्वेता, डॉ सुशीला, डॉ संजय खीचड़, डॉ सुरेश मील, डॉ नेमीचंद, डॉ रविकांत, डॉ नावेद सहित सीमा स्वामी, विनिता, कुंदनबाला, सतीश टेलर समेत चिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।




### सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध : भांबू



बीडीके अस्पताल जिले का सबसे बड़ा जटिल एवं सिजेरियन प्रसव केंद्र बन चुका है। यहां गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम, ऑपरेशन, ब्लड बैंक और नवजात शिशु इकाई की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल रही हैं। जनाना विंग में ही सीबीसी सहित जांच सेवाएं शुरू की गई हैं तथा शिशु मृत्यु दर, लाडो और जेएसवाई योजनाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

**डॉ जितेन्द्र भांबू, पीएमओ राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल, झुंझुनू।**

## कोबरी-सार



## भामाशाह द्वारा लैपटॉप भेंट




निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मानोता कलां की राउमावि में शनिवार को भामाशाह द्वारा लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह राकेश कुमार सैनी थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रतन सिंह दईया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहिताश सैनी, विक्रम गुर्जर, शैलेश खारडिया, हवासिंह गुर्जर, सुमेर सिंह मौजूद थे। मुख्य अतिथि भामाशाह राकेश कुमार सैनी ने लैपटॉप भेंट करते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा आज समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होगी तो वे सदैव सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। प्रधानाचार्य रतन सिंह दईया ने कहा कि लैपटॉप मिलने से विद्यार्थियों को अध्ययन में सुविधा मिलेगी और तकनीकी ज्ञान में वृद्धि होगी। उन्होंने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संपतलाल ने किया। इस अवसर पर लीलाधर सैनी, ऊषा सैनी, कृष्ण कुमार, निर्मला, मगन, यादराम, धर्मपाल, रोशन सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# हिन्दू एकता और सनातन संस्कृति के संदेश के साथ विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** शहर के रानी सती पुलिस चौकी के सामने 8 फरवरी रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन होगा। सम्मेलन को लेकर वीर सावरकर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर शनिवार सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। हरे रामा, हरे कृष्णा सहित भगवान के भजन-कीर्तन के साथ निकली प्रभात फेरी दो नंबर डिस्पेंसरी के पीछे, माथुर बस्ती, दधीची नगर, शीतला चौक होती हुई संपन्न हुई। आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह उग्रावत ने बताया रविवार को समिति की ओर से दोपहर 2 बजे से साधु संतों के सानिध्य में विराट हिंदू सम्मेलन होगा। शहर के रानी सती मंदिर, पुलिस चौकी के



सामने आयोजित हिंदू सम्मेलन में 11 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के बाद दोपहर 3.30 बजे पूर्णाहुति व महाआरती होगी।

आयोजन समिति के सचिव सीए उदेश घासोलिया ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन में गाड़ोदा धाम के संत महावीर जतिजी महाराज व काछवा धाम के संत मोतीनाथजी महाराज अपने आशीर्वचन देंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक प्रीतम सिंह अपना उदबोधन देंगे। मातृ शक्ति वक्ता के रूप में संगीता जांगिड़ अपना संबोधन देंगी। हिंदू सम्मेलन के दौरान कलाकार अभिषेक मिश्रा एवं टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा भगवत्स्वरूप एवं महापुरुषों की वेशभूषा में जीवंत झांकियां और आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। विराट हिंदू सम्मेलन मुख्य रूप से हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय चेतना को जगाने का काम करेगा। हिंदू सम्मेलन हिंदू जागरण को दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने, सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष या 100 साल पूरे होने के उपलक्ष में भारत के विभिन्न हिस्सों में विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन भव्य रूप में किया जा रहा है। हिन्दू समाज जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर संगठित हो, हिंदू धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहे और राष्ट्र एवं समाज सेवा के प्रति हमेशा सजग रहे। आयोजन समिति के संरक्षक राजेंद्र खंडेलवाल, अर्जुनलाल घासोलिया, विनोद अग्रवाल, कैलाश तिवाड़ी, पुरुषोत्तम पांडे, कोषाध्यक्ष एडवोकेट निर्मल शर्मा, उपकोषाध्यक्ष हनुमान दीक्षित, सह सचिव सचिन शर्मा एवं आयोजन समिति के सदस्य जगदेव सिंह पंवार, महेंद्र तिवाड़ी, हेमंत मिश्रा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, सज्जन गाड़ोदिया, मनोज माथुर, सुरेश सैनी, जयप्रकाश सैनी, जितेंद्र माथुर, गोपाल सिंह बड़गुजर, महेश पारीक, योगेंद्र सिंह, नरेश प्रधान, अजयपाल सिंह इत्यादि ने आमजन से हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

## स्थाई वारंटी गिरफ्तार

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में यात्रियों के सामान की चोरी करने के पुराने प्रकरण में 22 वर्षीय स्थाई वारंटी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर रेलवे कोर्ट बीकानेर में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि 2016 से उक्त व्यक्ति पुलिस थाने का स्थाई वारंटी है, जिस पर यात्रियों के सामान की चोरी करने का मामला दर्ज है। जीआरपी पुलिस के हैड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, ताराचंद व कांस्टेबल चंद्रदेवसिंह की टीम ने 22 वर्षीय मुनसाद पुत्र साबिर खां निवासी नंगलीसैद जिला उमरोहा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर रेलवे न्यायालय बीकानेर में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## काली थार से पुलिसकर्मी को रौंदने की कोशिश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करणी विहार थाना क्षेत्र में ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां काली थार जीप के चालक ने पुलिसकर्मी को रौंदने की कोशिश की। ट्रैफिक कांस्टेबल ने फुर्ती दिखाते हुए उछलकर सड़क के दूसरी ओर छलांग लगाई। जिससे उसकी जान बच सकी। आरोपी चालक पुलिसकर्मियों को धमकी देकर थार जीप लेकर फरार हो गया। इस संबंध में ट्रैफिक एएसआई ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार करधनी के गोकुलपुरा निवासी सीताराम यादव 57 ट्रैफिक ब्रांच जयपुर में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। 5 फरवरी को उनकी ड्यूटी कॉन्स्टेबल हरि सिंह गुर्जर के साथ गांधी पथ पुलिया के नीचे थी। दोपहर करीब 12 बजे लालरपुरा की ओर से एक काली थार जीप तेज गति और लहराते हुए आई। चालक द्वारा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का इशारा किया। चालक ने बिना सीट बेल्ट लगाए जीप को पुलिसकर्मी के पास लाकर अचानक तेज ब्रेक लगाए और फिर कुछ दूरी तक वाहन पीछे ले गया। इसके बाद आरोपी ने थार को दोबारा तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए कांस्टेबल हरि सिंह को कुचलने का प्रयास किया। कांस्टेबल ने समय रहते साइड में छलांग लगाकर जान बचाई। इस दौरान सड़क पर मौजूद दो महिलाओं सहित अन्य राहगीरों ने भी भागकर अपनी जान बचाई। भीड़ एकत्र होती देख आरोपी चालक पुलिसकर्मियों को धमकी देता हुआ थार जीप लेकर गलियों में फरार हो गया। एएसआई सीताराम यादव ने बताया कि उक्त थार जीप के खिलाफ पहले भी रफड्राइविंग की शिकायतें मिल चुकी हैं। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीना हुई बंगलौर रवाना

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली बाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी टीना शनिवार को तारानगर से बंगलौर रवाना हुई। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी तारानगर के निदेशक सुशील दाधीच ने बताया कि कोच चिंकित शर्मा के निर्देशन में ट्रेनिंग करने वाली खिलाड़ी टीना का चयन 69 वीं राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्कूली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तारानगर से बंगलौर रवाना हुई। प्रतियोगिता बंगलौर की सेंट कलारेट प्रि. यूनिवर्सिटी में आयोजित हो रही हैं। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने टीना को पदक जीतने की शुभकामनाएं देते हुए तारानगर से रवाना किया।

## कायस्थ समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति का 33वां सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को जयपुर होगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर कायस्थ हितकारिणी समिति के पदाधिकारियों की एक विचार गोष्ठी कायस्थ हितकारिणी समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर के सानिध्य में शनिवार को आयोजित की गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन के जिला संयोजक नंदलाल माथुर ने बताया कि जयपुर में कायस्थों की बगीची, इंद्रा बाजार में इस बार सात जोड़े विवाह सूत्र में बंधेंगे। श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति द्वारा यह लगातार 33वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। संरक्षक प्रदीप कुमार माथुर ने वर्तमान समय में सामूहिक विवाह की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि समाज में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए प्रत्येक परिवार को युवक-युवतियों का विवाह सम्मेलन में करना चाहिए। समिति महासचिव अश्विनी माथुर ने सभी को इस अवसर पर सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

## चौमूं का बेर देश-विदेश में छाया

### किसानों की मेहनत, बाजार की मांग और पहचान बनता फल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कभी स्थानीय बाजारों तक सीमित रहने वाला चौमूं क्षेत्र का बेर आज देश-विदेश में अपनी मिठास और गुणवत्ता के लिए पहचाना जा रहा है। चौमूं की मिट्टी, जलवायु और किसानों की मेहनत ने इस छोटे से फल को बड़ा मुकाम दिलाया है। आज यहां हर साल बेर की खेती से करोड़ों रुपए का कारोबार हो रहा है। चौमूं क्षेत्र में करीब 350 हेक्टेयर भूमि में बेर की खेती होती है। सीजन के दौरान यहां से लगभग 1,075 टन बेर उत्पादन होता है, जो सीधे किसानों की आमदनी को मजबूती देता है। चौमूं का बेर न केवल राजस्थान बल्कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, हरिद्वार, नीमच, अलवर और बेंगलुरु जैसे बड़े बाजारों तक नियमित रूप से भेजा जा रहा है।

#### गांव-गांव में फैली खेती

आलीसर, सामोद, कुशलपुरा, फतेहपुरा, विजयसिंहपुरा, इटावा, हाड़ौता, नांगल भरड़ा, अमरपुरा, तिगरिया और निवाणा जैसे गांवों में बेर की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। इन गांवों के किसान पारंपरिक अनुभव के साथ आधुनिक तकनीक को अपनाकर बेहतर गुणवत्ता का उत्पादन कर रहे हैं।

#### विदेशी बाजारों तक पहुंच

चौमूं का बेर अब देश की सीमाओं से बाहर भी पहचान बना चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंग्लैंड और पोलैंड जैसे देशों में भी यहां का बेर निर्यात किया जा रहा है। निर्यात से किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं, जिससे बेर की खेती लाभ का सौदा साबित हो रही है।

#### किसानों की आर्थिक रीढ़

बेर की खेती ने चौमूं क्षेत्र में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण यह खेती छोटे किसानों के लिए भी लाभकारी बनी है। स्थानीय किसानों का कहना है कि बेर ने उन्हें रोजगार, सम्मान और स्थायित्व दिया है।

#### पहचान बनता चौमूं

आज चौमूं का नाम लेते ही बेर की मिठास स्वतः याद आ जाती है। यह केवल एक फसल नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और राजस्थान की कृषि क्षमता का प्रतीक बन चुका है। बांसा फतेहपुरा निवासी किसान पुरण सैनी ने बताया कि बेर की खेती ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाया है। उनका कहना है कि पहले पारंपरिक फसलों में लागत अधिक और जोखिम ज्यादा रहता था, लेकिन बेर की खेती में कम पानी और कम खर्च में अच्छा उत्पादन मिलता है।

बाजार में इसकी मांग लगातार बनी रहती है और अब गांव का उत्पाद विदेशों तक जा रहा है। इससे किसानों को स्थायी आमदनी मिली है और गांव के युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। बांसा निवासी किसान नीलम सैनी ने बताया कि इस सीजन में बेर का थोक रेट गुणवत्ता और साइज के अनुसार तय हो रहा है। उन्होंने बताया कि मोटा बेर थोक में प्रति किलो 20 से 25 दाने, चमेली किस्म का बेर 25 से 30 दाने प्रति किलो के भाव में बिक रहा है। वहीं सामान्य बाजार दर की बात करें तो मोटा बेर 35 से 40 दाने प्रति किलो, जबकि चमेली बेर 40 से 45 दाने प्रति किलो की दर से बिक रहा है।

नीलम सैनी के अनुसार एक बड़े और विकसित बेर के पेड़ से 500 किलो तक उत्पादन प्राप्त हो जाता है।

वहीं अच्छी क्वालिटी और साइज के कारण चौमूं क्षेत्र के बेरों को मंडियों में तुरंत खरीदार मिल जाते हैं।

इस बार मौसम अनुकूल रहने से उत्पादन भी बेहतर हुआ है, जिससे किसानों को संतोषजनक दाम मिल रहे हैं।

# स्मार्ट सिटी के तहत अस्पतालों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं : सैनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गौरव सैनी ने शनिवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल का निरीक्षण कर स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी तथा जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. सैनी ने विकास एवं



निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समय सीमा का विशेष रूप से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यों को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत अस्पताल में किए जा रहे विकास कार्य सीधे तौर पर मरीजों की सुविधा से जुड़े हैं। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं मरीजों की सहज आवाजाही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में आवागमन एवं रास्ते से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इस संबंध में डॉ. सैनी ने बताया कि चौगान स्टेडियम प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन के साथ शीघ्र ही एक संयुक्त बैठक आयोजित कर यातायात एवं आवागमन संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए गए, जिससे आने वाले समय में मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. सैनी ने कहा कि जयपुर स्मार्ट सिटी का लक्ष्य शहर में आधुनिक, सुलभ एवं नागरिक-हितैषी अधोसंरचना का विकास करना है, ताकि जयपुर वासियों को बेहतर जीवन स्तर और उच्च गुणवत्ता की सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## आज व कल इन गिरदावर सर्किल पर आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर गिरदावर सर्किलों पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि 8 फरवरी को बड़ागांव, पपुरना एवं चनाना में वहीं 9 फरवरी को नवलड़ी, कोलिंडाए, रघुनाथपुरा, केड, खेतड़ी, नवलगढ़, मंडावा एवं सांवलोद के गिरदावर सर्किलों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जाएंगे।

## डीवीपी में फेयरवेल पार्टी आयोजित



निसं

**डूण्डलोद ( नवयत्न )।** स्थानीय डूण्डलोद विद्यापीठ में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से बाहरवीं के छात्रों को प्रतीक चिह्न एवं गुलाब का फूल देकर बेस्ट ऑफ लक कहा गया। डीवीपी के मुख्य सलाहकार डॉ के डी यादव एवं सचिव मुकेश पारीक ने छात्रों को अपने आप पर स्व अनुशासन लागू कर जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रबंध समिति सदस्य दिनेश चंद्र यादव ने तनाव रहित वातावरण में आगामी परीक्षा की तैयारी कर उसमें सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य एस के शर्मा ने छात्रों को अन्य बातों के अलावा चरित्र निर्माण करने पर भी बल दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव सीताराम जीनगर, सह कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र भूत, प्रबंध समिति सदस्य महेश कुमार अग्रवाल एवं उप प्राचार्य अशोक सैन ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी। शिक्षक प्रमोद जांगिड़ ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच पासिंग द पार्सल, म्यूजिकल चैयर, गैस द थिंक विथ म्यूजिक, रैम्प वॉक, पॉप द बलून जैसे रोचक गेम खेले गये तथा नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर प्राची बेसवाल मिस फेयरवेल एवं आर्यन जोशी मिस्टर फेयरवेल कॉमर्स, अंकुश मिस फेयरवेल एवं आयुश मिस्टर फेयरवेल सांइस, याना मिस फेयरवेल एवं यश मिस्टर फेयरवेल आर्टस एवं अभय को मिस्टर फेयरवेल हॉस्टल चुना गया। कार्यक्रम का संचालन निकिता, गरिमा, शगुन एवं मधु ने किया। समारोह में स्टॉफ सदस्यों एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# रिहायशी इलाके में फिर घूमता दिखा लेपर्ड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के आबादी क्षेत्र में एक बार फिर लेपर्ड की मौजूदगी से दहशत फैल गई। शनिवार तड़के तीन बजे आगरा रोड स्थित सूर्य सिटी कॉलोनी में लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया। लेपर्ड करीब एक घंटे से अधिक समय तक कॉलोनी क्षेत्र में घूमता रहा। जिसकी पूरी गतिविधि सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद लेपर्ड का कोई सुराग नहीं लग पाया। वन विभाग ने एहतियातन रात के समय कॉलोनी क्षेत्र में पिंजरा लगाने का निर्णय लिया है। ताकि लेपर्ड के दोबारा लौटने की स्थिति में उसे सुरक्षित रूप से पकड़ा जा सके। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में लेपर्ड कॉलोनी की सड़क पर घूमता हुआ नजर आ रहा है। फुटेज में यह भी देखा गया कि लेपर्ड सड़क पर मौजूद एक कुत्ते के पास गया। लेकिन किसी तरह का हमला किए बिना वहां से आगे बढ़ गया। कॉलोनी वासियों द्वारा लेपर्ड की सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन लेपर्ड दिखाई नहीं दिया। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि लेपर्ड संभवतः जंगल क्षेत्र की ओर लौट गया होगा। इसके बावजूद एहतियातन सूर्य सिटी कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों से विशेष रूप से रात के समय सतर्क रहने, अकेले बाहर न निकलने और बच्चों को सुरक्षित रखने की अपील की गई है। वहीं वन विभाग की टीमें वन क्षेत्र से सटे इलाकों में लगातार निगरानी कर लेपर्ड की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। गौरतलब है कि जयपुर के चांदपोल, शास्त्री नगर, सिविल लाइंस मंत्री आवास क्षेत्र, जलमहल क्षेत्र की गुर्जर घाटी, गोपालपुरा, दुर्गापुरा, जयसिंहपुरा, जगतपुरा और विद्याधर नगर जैसे रिहायशी इलाकों में भी लेपर्ड के मूवमेंट की पुष्टि हो चुकी है।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का स्वर्ण जयंती महोत्सव का शुभारम्भ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एनआईए जयपुर ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को विधिवत पूजा-हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह के साथ किया। इस अवसर पर संस्थान के सभागार भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के आयुष सचिव पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा, कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. बनवारी लाल गौड़, प्रो. महेश चंद्र शर्मा, प्रो. अजय शर्मा, प्रो. महेंद्र सिंह मीणा, प्रो. के. शंकर राव संस्थान के संयुक्त निदेशक जे.पी.शर्मा सहित अनेक




वरिष्ठ चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुष सचिव भारत सरकार पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान देश में आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान एवं चिकित्सा सेवाओं का एक अग्रणी केंद्र है। संस्थान ने विगत पांच दशकों में आयुर्वेद को राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आयुर्वेद आधारित नवाचार और अनुसंधान आमजन के बेहतर स्वास्थ्य में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इस दौरान आयुष सचिव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में की गई बजट घोषणा में तीन राष्ट्रीय स्तर के नए आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना की घोषणा की गई है। साथ ही देश-विदेश में आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से आमजन को लाभान्वित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एनआईए की 50 वर्षों की यात्रा समर्पण, अनुसंधान और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने संस्थान के सतत विकास एवं प्रगति में निरंतर सहयोग के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार तथा आयुष सचिव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने जानकारी दी कि 9 फरवरी 2026 को आयोजित मुख्य स्वर्ण जयंती समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतापराव जाधव करेंगे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद 10 मार्च से, पंजीकरण 1 फरवरी से शुरू

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रबी विपणन सीजन आरएमएस 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूँ क्रय को लेकर जिला रसद विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस सत्र के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर क्रय एजेंसियों के माध्यम से गेहूँ विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे जनाधार से जुड़े बैंक खाते में किया जाएगा। किसानों को 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि प्राप्त होगी। राज्य में गेहूँ खरीद का कार्य 10 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। गेहूँ विक्रय हेतु किसान 1 फरवरी से 25 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। पंजीकरण किसान स्वयं अथवा ई.मित्र सहित अन्य माध्यमों से करवा सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी खाद्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि गेहूँ खरीद के लिए निर्धारित क्रय केंद्रों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। क्रय केंद्रों में होने वाले किसी भी संशोधन की सूचना भी समय-समय पर वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी।

# राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों का किया विरोध

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पी जी कॉलेज में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान उच्च शिक्षा की केशवानंद पीजी महाविद्यालय, भढ़ाढ़र, सीकर इकाई द्वारा राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-कार्ड्स लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ का स्पष्ट मत है कि राजसेस योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत है। इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढ़ांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना एवं संसाधन, शोध एवं नवाचार की संभावनाओं का न होना तथा संविदा एवं अस्थायी नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, बहुविषयकता एवं अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है। महासंघ ने अवगत कराया कि सत्र 2020-21 से 2022-23 के मध्य राजसेस योजना के अंतर्गत 303 नवीन महाविद्यालय खोले गए तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में 71 अतिरिक्त राजसेस महाविद्यालय खोले जा चुके हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 374 हो गई है। इनमें से लगभग 260 राजसेस महाविद्यालयों में आज भी एक भी स्थायी संकाय सदस्य कार्यरत नहीं है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपखंड अधिकारीध्जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, माननीय राज्यपाल एवं माननीय प्रधानमंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान की माँग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विधानसभा चुनाव-2023 के पश्चात गठित राज्य सरकार द्वारा राजसेस महाविद्यालयों एवं विषयों के संचालन के संबंध में गठित सोडाणी समिति की सिफारिशें अब तक न तो सार्वजनिक की गई हैं और न ही लागू की गई हैं। महासंघ ने यह भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई कि भर्ती परीक्षा कैलेंडर-2026 के माध्यम से राजसेस नियम-2023 में परिवर्तन कर पाँच वर्षों के लिए 28500 रुपये के नियत वेतन पर संविदा टीचिंग एसोसिएट एवं अशैक्षणिक पदों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को अभ्यर्थना भेजी जा चुकी है। महासंघ के अनुसार यह व्यवस्था अस्थायी, असुरक्षित एवं नीति-विरोधी है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के सर्वथा विपरीत है। महासंघ ने राज्य सरकार से माँग की कि राजसेस महाविद्यालयों के संबंध में गठित सोडाणी समिति की सिफारिशों को अविलंब लागू किया जाए, राज्य में संचालित सभी राजसेस महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में संचालित करने के स्पष्ट आदेश जारी किए जाएँ तथा संविदा नियुक्तियों की प्रस्तावित चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन को लोकतांत्रिक एवं आंदोलनात्मक मार्ग अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। आज के इस विरोध प्रदर्शन में संस्था निदेशक रामनिवास ढ़ाका, प्राचार्य डॉ. ललित किशोर तंवर, संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री डॉ. अशोक महला, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अमरचंद कुमावत, विधि महाविद्यालय से डॉ. विजय गिठाला एवं प्राध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पक्षी विश्राम गृह की रखी नींव

### दाना, पानी व बैठने के लिए होगी व्यवस्था



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे की मेघवाल श्मशान भूमि में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना, पानी व सर्दी, गर्मी व बरसात में बचाव के लिए बनने वाले पक्षी विश्राम गृह की नींव रखी गई। शनिवार को गौतम बुद्धा व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा रैन बसेरा निर्माण की नींव रखी गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति सचिव राधेश्याम चिरानिया ने बताया कि कस्बे के मेघवाल समाज के भामाशाह के आर्थिक सहयोग से इस साठ फिट ऊंचे पक्षी विश्राम गृह का निर्माण करवाया जा रहा है। पक्षी विश्राम गृह बनने से गर्मी सर्दी और वर्षा ऋतु में पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस दौरान अध्यक्ष सर्व समाज समरसता एवं सर्वांगीण विकास समिति ओमप्रकाश सेवदा द्वारा कस्बे के भामाशाह मेघवाल परिवार का पक्षियों के प्रति अतुलनीय प्रेम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए नेक कार्य के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर फुलचंद सुनिया, प्रेमचंद मेहरा, ओमप्रकाश कटारिया, कुंदन कटारिया, छोटेलाल, रोहिताश, राधेश्याम कटारिया, पालीराम मेहरा, सज्जन कुमार, ईश्वरसिंह मरोडिया, विजयपाल, रामप्रताप कटारिया, सुशील चिरानिया, कृष्ण गजराज, नंदलाल सुनिया, सांवरमल मेहरा, छोटेलाल गजराज, कन्हैयालाल बाकोलिया सहित कई लोग शामिल रहे।

## ताल छापर में होगी राष्ट्रीय पक्षी मोर की गणना



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती कस्बे छापर की पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में सक्रिय संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफसोसाइटी आगामी 15 फरवरी से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान का शुभारंभ करेगी। सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि इस अभियान के तहत मुख्य रूप से कस्बे के मोर पक्षी की गणना की जाएगी और मोर के संवर्धन और संरक्षण के प्रयास तेज किए जायेंगे। शनिवार दोपहर को संत स्वामी गीगदास भवन में राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान के पोस्टर का विमोचन संस्था के संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा और सदस्यों ने किया। इसका उद्देश्य तेजी से लुप्त हो रहे मोर की प्रजाति को बचाना हैं। प्रचार पोस्टर के शुभारंभ अवसर पर पक्षी विशेषज्ञ ब्रजदान सामौर, कवि गौरीशंकर भावुक, धन्नाराम प्रजापत, नेचर गाइड जितेन्द्र स्वामी, शंकरलाल सारस्वत, ओमप्रकाश गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह रावणा, राजकुमार प्रजापत, उमराव कांटीवाल, रमेश चौहान, नानूराम कांटीवाल, रमेश सुथार, विजेंद्र सुराणा, समुंद्र बंजारा, किशनाराम मंडा, भंवरलाल मंडा आदि उपस्थित थे। संचालन पार्थ सोनी ने किया।

## शिविर में हुआ बच्चों का उपचार

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** उप. जिला अस्पताल फतेहपुर में शनिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मेगा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 125 बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 2 बच्चों को उच्च संस्थान पर इलाज के लिए रेफर किया गया। उप-जिला अस्पताल फतेहपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यनारायण सबल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्नता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ईरम शेख, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी सिंघल एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ. सीता कुमावत ने अपनी सेवाएं दी।

## राज्य स्तरीय समारोह में धन्यवाद बैज से सम्मानित होंगे विधायक भांबू

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार अवार्ड समारोह का आयोजन 9 से 12 फरवरी 2026 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर पर किया जाएगा। सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि यह राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर शिक्षा विभाग की सहशैक्षणिक गतिविधि स्काउट गाइड के प्रशिक्षण कार्यों में आने वाली कठिनाइयों, वर्षा के समय होने वाली परेशानी आदि को देखते हुए राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू को राजेंद्र भांबू विधायक झुंझुनू ने स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत 7 लाख 50 हजार रुपए की अनुशंसा कर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करवा दी। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया आवंटित राशि से कार्यालय परिसर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की देखरेख में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। विधायक राजेंद्र भांबू के विशिष्ट एवं उल्लेखनीय सहयोग के लिए इन्हें राज्यस्तरीय समारोह में 11 फरवरी को स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र पर माननीय राज्यपाल महोदय की गरिमामय उपस्थिति में धन्यवाद बैज से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मील, स्काउट गाइड जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा सहित शिक्षा विभाग एवं स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने विधायक राजेंद्र भांबू को बधाइयां, शुभकामनाएं दी।

## लमानी ने भारत के लिए किया क्वालीफाई

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** 46वीं नेशनल मास्टर मीट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजस्थान तारानगर की बेटी अंजना लमानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में ऑल इंडिया टॉप-4 स्थान प्राप्त कर भारत के लिए क्वालीफाई किया है। 28 जनवरी से 1 फरवरी तक तिरुवंतपुरम केरल में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर मीट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लमानी ने राजस्थान की ओर से भाग लिया व शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में ऑल इंडिया टॉप-4 स्थान प्राप्त कर भारत के लिए क्वालीफाई किया जो प्रदेश के लिए एक गौरव की बात है। लमानी आगामी दिनों में साउथ कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर मीट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। लमानी के टॉप का स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई करने पर राजस्थान सहित चूरू जिले व तारानगर तहसील के खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें आगामी खेल के लिए जीत की शुभकामनाएं दी है।

## सोनू शेखावत ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** ढ़ाणी बाढ़ान की सोनू शेखावत पुत्री सुरेश सिंह ने जैन विश्व भारती इंस्टिट्यूट लाडनूं से शिक्षा संकाय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की। सोनू शेखावत ने शोध कार्य श्चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के विद्यार्थियों की शिक्षण व्यवस्था के प्रति अभिवृत्ति एवं शिक्षण कौशल का अध्ययन विषय पर पूर्ण किया। सोनू का शोध शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और शिक्षक प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। शोध कार्य प्रो. बनवारी लाल जैन, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, जैन विश्व भारती इंस्टिट्यूट, लाडनूं के कुशल निर्देशन में संपन्न किया। सोनू के पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर ढ़ाणी बाढ़ान सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, शिक्षाविदों, ग्रामवासियों एवं शुभचिंतकों ने सोनू शेखावत को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। तनुज शेखावत ने कहा कि सोनू की यह सफलता नारी शिक्षा और शोध क्षेत्र में युवतियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## आकर्षक ऑफर्स के साथ जयश्री ज्वैलर्स के भव्य शोरूम की ग्रैंड लॉन्चिंग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के मानसरोवर क्षेत्र में प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड जयश्री ज्वेलर्स के दूसरे आउटलेट की भव्य ग्रैंड ओपनिंग समारोहपूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर फिल्मी सितारों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड अभिनेता बिंदु दारा सिंह एवं तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम टीवी अभिनेता गुरुचरण सिंह सोढ़ी ने शिरकत कर शोरूम लॉन्चिंग की रौनक बढ़ाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, डॉ. अल्का गौड़, रणवीर सिंह परिहार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जयश्री ज्वेलर्स के ओनर अवंत कुमार जैन और यश जैन ने बताया कि जयपुर शहर में यह उनका दूसरा आउटलेट है, जिसे ग्राहकों के अपार प्रेम और विश्वास के कारण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, हमारे ब्रांड को मिले समर्थन ने हमें प्रेरित किया कि हम शहरवासियों के लिए एक और भव्य शोरूम की शुरुआत करें, जहां उन्हें बेहतर डिजाइन, क्वालिटी और आकर्षक ऑफर्स मिल सकें। लॉन्चिंग के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स भी रखे गए, जिनमें श्जितना सोना खरीदेंगे, उतनी चांदी पाएंगे जैसे लुभावने ऑफर्स शामिल हैं।

इन ऑफर्स को लेकर ग्राहकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भव्य सजावट, उत्साहपूर्ण माहौल और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के बीच सम्पन्न हुआ यह आयोजन मानसरोवर क्षेत्र के लिए एक खास आकर्षण बन गया। जयश्री ज्वेलर्स का यह नया शोरूम ग्राहकों को आधुनिक डिजाइनों के साथ भरोसेमंद गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## पूर्व नेता राठौड़ ने किया 5.43 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गाँव पुनरास में 5.43 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। राठौड़ ने 4 करोड़ की पेयजल टंकी तथा 1.43 करोड़ की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस मौके पर ओम बन्ना की मूर्ति की स्थापना भी हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में एक इंजन पंचायत और नगरपालिका का जोड़ कर विकास कार्यों को ओर गति दे ताकि आमजन और 36 कौम को घर बैठे सरकार का लाभ मिले। हजारों लोगों की उपस्थिति में राठौड़ ने आह्वान किया है कि आने वाले तीन साल में गरीब को गणेश मानकर जनकल्याण कार्य किए जाएंगे ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिले, प्रधानमंत्री मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, उसके लिए युवाओं को साथ देना होगा। भजनलाल सरकार ने पेपर माफिया को सलाखों के पीछे डालकर गरीब युवाओं को संबल प्रदान कर भविष्य सुनहरे बनाने का संकल्प लिया। आने वाले समय में किसानों के खेतों में यमुना नदी का पानी आयेगी जिससे जिला चूरू विशेषकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। चूरू जिला अनाज का कटोरा बनेगा। विपक्ष गुमराह करने का कार्य कर रहा है और हमारी सरकार विकास का। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने संबोधित करते हुए कहा कि पुनरास सहित पूरे तारानगर को राठौड़ की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने भरपूर दिया है उसी का परिणाम है कि आज 5.43 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल, लीलाधर बागोरिया, मनफुल बागोड़, वीरेन्द्रसिंह सात्युं आदि भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मार्ग पर धंसी सड़क, बड़े हादसे की आशंका



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में इन दिनों सड़कों के नीचे से मिट्टी कटने के कारण गड्ढे होने की समस्या आम होती जा रही है। चूरू सड़क मार्ग पर पिंजरापोल गौशाला के सामने एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया, जहां सड़क के नीचे की मिट्टी खिसकने से बड़ा गड्ढा हो गया है। डिवाइडर के पास सड़क अंदर से पूरी तरह थोथी खोखली हो गई है। मिट्टी के कटाव के कारण सड़क कभी भी धंस सकती है। हादसे की आशंका को देखते हुए स्थानीय स्तर पर गड्ढे को पत्थरों से ढंक दिया गया है, लेकिन भारी वाहनों के गुजरने पर यहां कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इससे पूर्व शहर में भड़ैच बिल्डिंग के पास भी ऐसी ही घटना घटित हो चुकी है, जहां एक ट्रक का पहिया सड़क में धंस गया था। उस समय वाहन चालक और स्थानीय व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था शहर के विभिन्न हिस्सों में बार.बार हो रहे इस मिट्टी कटाव और गड्ढों की वजह से राहगीरों और वाहन चालकों में भय का माहौल है।

लोगों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते इन सड़कों की सुध लेनी चाहिए ताकि किसी की जान को खतरा न हो।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर गलता तीर्थ की संपत्ति घोषित

### 26 साल पुराने विवाद पर फागी कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के माधोराजपुरा स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर को लेकर फागी कोर्ट ने 26 वर्षों से चले आ रहे कानूनी विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एसीजेएम फागी रेखा तिवारी की अदालत ने मंदिर श्री खेड़ापति हनुमानजी को गलता तीर्थ की संपत्ति मानते हुए इसके प्रबंधन, संचालन और नियंत्रण का अधिकार देवस्थान विभाग को सौंपने के आदेश दिए हैं। अदालत के इस फैसले से मंदिर के स्वामित्व और प्रबंधन को लेकर दशकों से चली आ रही असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है।

**1999 से चल रही थी कानूनी लड़ाई:** मामला नवंबर 1999 में फागी कोर्ट में किशनलाल एवं अन्य बनाम मंदिर ठिकाना गलताजी, सार्वजनिक न्यास और देवस्थान विभाग के बीच दायर किया गया था। इस प्रकरण में करीब ढाई दशक तक लगातार बहस, दस्तावेजों की जांच और गवाहियों की प्रक्रिया चली। अंततः सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया।

**पुजारी पद से हटाने के आदेश:** कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि वर्तमान पुजारी बालकिशन को तत्काल प्रभाव से मंदिर के पुजारी पद से हटाया जाए। मंदिर और उससे संबंधित समस्त चल-अचल संपत्तियों के रख-रखाव, आय-व्यय और लेखा-जोखा के लिए प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**आय-व्यय रहेगा प्रशासन की निगरानी में:** अदालत ने कहा है कि मंदिर की अचल संपत्तियों, दान-पुण्य, चढ़ावे और अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय का पूरा हिसाब-किताब अब प्रशासन के नियंत्रण में रहेगा। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित अपील पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता।

**देवस्थान विभाग संभालेगा प्रबंधन:** मंदिर का संपूर्ण प्रबंधन और संचालन अब देवस्थान विभाग द्वारा किया जाएगा। विभाग मंदिर की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा और विकास कार्यों की जिम्मेदारी निभाएगा। इससे मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता आने और संसाधनों के समुचित उपयोग की उम्मीद जताई जा रही है।

**श्रद्धालुओं और क्षेत्र पर पड़ेगा असर:** माधोराजपुरा स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। कोर्ट के इस फैसले के बाद मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। माना जा रहा है कि देवस्थान विभाग के नियंत्रण में आने से मंदिर के संरक्षण, जीर्णोद्धार और सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

## भव्य कलश यात्रा के साथ मनाया त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि पर्व

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा सिंघाना द्वारा 90वां त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्ट ऑफिस के पास स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जो गंगा माई कुण्ड तक निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम स्थल पर लता दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात बाल कलाकारों छवि, प्रिया, तन्नू, लक्ष्य, राधा आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य वक्ता के रूप में नारनौल से पधारी कमल दीदी ने शिव जयंती के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव के गुणों शांति, पवित्रता और करुणा को जीवन में अपनाकर व्यक्ति स्वयं व समाज दोनों का कल्याण कर सकता है।

मुख्य अतिथि शकुंतला यादव ने संस्था द्वारा समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि सुगन सिंह चौधरी एसएचओ सिंघाना एवं दारा सिंह बीडीओ ने भी अपने विचार रखते हुए सामाजिक सुधार का आह्वान किया। मंच संचालन चिड़ावा से पधारी स्नेह दीदी ने किया। बहनों ने गंगा माई कुण्ड परिसर में कार्यक्रम आयोजन हेतु अध्यक्ष मनोज कुमार व उनके स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बनेश्वरी बहन, पवन अग्रवाल, मातूराम, दिगम्बर नाडिया, जगदीश यादव, बाबूलाल, भंवरलाल, दिनेश जांगिड़, राधेश्याम, नवल किशोर, गोगराज, जगराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# दिल्ली के लापता लोग

पिछले दिनों इस खबर ने दिल्ली और देश के लोगों को चौंकाया कि इस साल जनवरी माह में ही देश की राजधानी में 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है। अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दरअसल, एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थात्‌ हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन और ऐप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया। दलील है कि कई जटिल मामलों में तलाश का काम एक साल तक पूरा नहीं हो पाता।

## विशेष आलेख

# जवाबदेही के दायरे में आएं टेक कंपनियां, बेरहम है डिजिटल दुनिया

सुबह की पहली किरण के साथ जब हम अपने स्मार्टफोन का स्क्रीन अनलॉक करते हैं, तो हम केवल एक उपकरण नहीं खोलते, बल्कि एक ऐसी दुनिया में प्रवेश करते हैं, जो कभी सोती नहीं है। यह डिजिटल दुनिया जितनी चमकदार है, उतनी ही बेरहम भी। आज हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल मीडिया के गलियारों में बीत रहा है। हमारी पहचान, रिश्ते और समाज में प्रतिष्ठा अब हमारे पदचिह्नों यानी डिजिटल फुटप्रिंट्स से तय होती है, पर समस्या तब शुरू होती है जब ये पदचिह्न हमारी वर्तमान पहचान के लिए बोझ बन जाते हैं। कल्पना कीजिए एक ऐसे युवक की, जिस पर दस साल पहले एक छोटा आरोप लगा था। अदालत ने उसे ससम्मान बरी कर दिया, लेकिन आज जब कोई कंपनी उसे नौकरी देने के लिए उसका नाम गूगल करती है, तो सबसे ऊपर वही पुरानी गिरफ्तारी की खबर चमकती है। यही वह बिंदु है जहां राइट टू बी फॉरगाटेन यानी भुला दिए जाने का अधिकार विलासिता नहीं, बल्कि जीने के अधिकार का हिस्सा बन जाता है।



डिजिटल मीडिया का दुरुपयोग आज एक महामारी की तरह फैल चुका है। फेक न्यूज, ट्रोलिंग और साइबरबुलिंग ने वर्चुअल स्पेस को एक युद्ध का मैदान बना दिया है। सबसे भयावह रूप तब सामने आता है, जब किसी की निजी जानकारी या तस्वीरें उसकी मर्जी के बिना सार्वजनिक कर दी जाती हैं। इसे डॉक्सिंग कहा जाता है। यह केवल तकनीक का गलत इस्तेमाल नहीं है, बल्कि यह एक इंसान की गरिमा पर सीधा हमला है। जब कोई अपमानजनक सामग्री एक बार वायरल हो जाती है, तो उसे पूरी तरह मिटाना लगभग असंभव हो जाता है। डिजिटल दुनिया में कुछ भी स्थायी रूप से मरता नहीं है, वह बस दबा रहता है और समय-समय पर बाहर आता रहता है।

यहीं पर राइट टू बी फॉरगाटेन की अवधारणा उम्मीद की किरण है। व्यक्ति को यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने पुराने, अप्रासंगिक या गलत डिजिटल रिकॉर्ड्स को हटवा सके। यूरोपीय संघ का एक कानून इस मामले में एक मिसाल है। वहां के एक चर्चित मामले में यह तय हुआ कि अगर कोई जानकारी अब जरूरी नहीं है, तो उसे सर्च रिजल्ट्स से हटाना होगा। भारत में भी इस अधिकार की सुगबुगाहट तेज हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पुट्टास्वामी केस में निजता को मौलिक अधिकार तो माना, लेकिन राइट टू बी फॉरगाटेन अभी भी एक कानूनी धुंध में फंसा हुआ है। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल में माना कि एक व्यक्ति को अपनी पुरानी गलतियों या विवादों से आगे बढ़ने का हक है। क्या हमारे पास इसके लिए कोई ठोस कानून है?

भारत का डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 इस दिशा में एक कदम जरूर है। यह डाटा मिटाने का अधिकार देता है, लेकिन इसमें कई पेच हैं। जब कोई व्यक्ति अपना डाटा हटवाने की मांग करता है, तो उसके सामने अभिव्यक्ति की आजादी और न्यायिक पारदर्शिता की दीवार खड़ी हो जाती है। मिसाल के तौर पर, क्या एक भ्रष्ट नेता यह कह सकता है कि लोग उसके पुराने घोटाले भूल जाएं, क्योंकि अब वह सुधर गया है? निश्चित रूप से नहीं। जनता को जानने का अधिकार और सार्वजनिक हित हमेशा निजी निजता से ऊपर रहेगा, लेकिन एक सामान्य नागरिक, जो किसी झूठे मुकदमे या निजी विवाद का शिकार हुआ है, उसे अदालतों के चक्कर क्यों काटने पड़ें? हमारे वर्तमान कानून में एक ऐसी स्पष्ट प्रक्रिया की कमी है, जो टेक कंपनियों को जवाबदेह ठहरा सके।

इस जटिल समीकरण में अब एआई ने प्रवेश किया है। एआई के दुरुपयोग का सबसे वीभत्स रूप डीपफेक है। आज किसी भी आम इंसान का चेहरा किसी अश्लील वीडियो या भड़काऊ भाषण के साथ जोड़ना बच्चों का खेल बन गया है। एआई एल्गोरिदम आज इतने शक्तिशाली हैं कि वे आपकी पसंद-नापसंद को भांप लेते हैं और आपको उसी दिशा में ले जाते हैं, जो वे चाहते हैं। नफरत भरे कंटेंट पर इंगेजमेंट ज्यादा आती है, इसलिए एल्गोरिदम उसे बढ़ावा देते हैं। यह एआई का वह चेहरा है, जो समाज को बांट रहा है। इसी एआई में समाधान भी छिपा है। अगर हम एआई को सही नीयत के साथ इस्तेमाल करें, तो यह एक डिजिटल रक्षक बन सकता है। जिस रफ्तार से डिजिटल मीडिया पर डाटा अपलोड होता है, उसे इंसान कभी मॉनिटर नहीं कर सकते। यहां एआई एक फिल्टर की तरह काम कर सकता है। यह आपत्तिजनक कंटेंट, डीपफेक और फेक न्यूज को उसके फैलने से पहले ही पहचान कर ब्लाक कर सकता है। राइट टू बी फॉरगाटेन को लागू करने में एआइ मददगार साबित हो सकता है। जरूरत एक ऐसी नीति की है, जो टेक कंपनियों को बाध्य करे कि वे अपने एआई माडल्स को सुरक्षा और निजता के अनुकूल बनाएं। भारत को राइट टू बी फॉरगाटेन के लिए एक सशक्त ढांचा तैयार करना होगा। यह केवल कागजी अधिकार न हो, एक ऐसी व्यवस्था हो, जहां एक क्लिक पर पीड़ित की सुनवाई हो। हमें विशेष डिजिटल ट्रिब्यूनल्स की जरूरत है जहां तकनीकी विशेषज्ञ और कानूनी जानकार मिलकर त्वरित फैसले लें। डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड को इतनी शक्ति मिलनी चाहिए कि वह उन प्लेटफॉर्म्स पर भारी जुर्माना लगा सके, जो आदेश मिलने के बाद भी डाटा नहीं हटाते। कानून में स्पष्ट करना होगा कि किन परिस्थितियों में डाटा हटाया जा सकता है और कहां सार्वजनिक हित सर्वोपरि होगा? एक और महत्वपूर्ण सुधार यह होना चाहिए कि टेक कंपनियों के लिए ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट अनिवार्य हो, ताकि पता चले कि उन्होंने कितने अनुरोध स्वीकार किए और कितने खारिज। हमें एक ऐसी डिजिटल संस्कृति विकसित करनी होगी, जहां हम दूसरों की निजता का सम्मान करें। कानून अपना काम करेगा, एआई अपना सुधार करेगा, लेकिन हमें यह समझना होगा कि हर व्यक्ति को एक दूसरा मौका मिलने का हक है। डिजिटल युग में विस्मृति का अधिकार मानवीय गरिमा बचाने की कोशिश है। जब तक हम तकनीक और कानून को मानवीय संवेदनाओं के साथ नहीं जोड़ेंगे, तब तक हम इस डिजिटल पिंजरे में कैद रहेंगे।

## आज का राशिफल

### मेष
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### वृष
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### मिथुन
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### कर्क
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### सिंह
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### कन्या
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### तुला
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### वृश्चिक
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### धनु
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### मकर
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कुंभ
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### मीन
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# पेट की चर्बी कम करने के लिए खाएं यह फल

कई लोग वजन कम करने के लिए कम खाना खाते हैं या भूख रहकर तेजी से वजन घटाने की कोशिश करते हैं। इस तरह से आप भले ही वजन कम कर लें। लेकिन कम खाने या भूखे रहने से आपकी सेहत खराब हो सकती है। दरअसल सही तरीके से भोजन न करने से आपको शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं, जिससे शरीर कमजोर हो सकता है। इससे मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो सकती है। इसलिए अगर आप अपने बैली फैट को कम करना चाहते हैं, तो कुछ खास फलों का सेवन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इससे बैली फैट कम होने के साथ आपका अंदर से भी फिट रहते हैं। इन फलों के सेवन से स्किन स्वस्थ रहती है और मांसपेशियां मजबूत होती है। यह हृदय स्वास्थ्य और हड्डियों के विकास के लिए भी काफी अच्छा होता है।



### कीवी
कीवी वजन कम करने वाले सुपरफ़ूड हैं। कीवी विटामिन सी, विटामिन ई, फोलेट और फाइबर से भरपूर होता है। कीवी के बीज खाने के पाचन में तेजी से मदद करते हैं। इनमें अघुलनशील फाइबर पाया जाता है। वहीं हरे भाग में घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। खाने या मीठे की क्रेविंग होने पर आप कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे बैली फैट भी कम होता है। इसे आप अपने सुबह के नाश्ते या शाम के स्नैक्स में शामिल कर सकते हैं।

### सेब
वैसे तो कहा जाता है कि सेब के सेवन से आप डॉक्टर से दूर रहते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि बैली फैट कम करने के लिए आप सेब का सेवन कर सकते हैं। दरअसल सेब में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को अच्छा रखने के साथ वजन भी कम कर सकता है। रोजाना एक सेब खाने से आप बीमारियों से दूर रहते हैं। इसके अलावा ब्लड शुगर कम करने में, बॉडी को डिटॉक्स करने और कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखने में भी सेब काफी कारगर साबित हो सकता है।

### पपीता
पपीता का सेवन करने से वजन और बैली फैट कम करने में काफी सहायता मिलती है। पपीता में अच्छी मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। यह पाचन क्रिया को ठीक रखने में मदद करता है। पपीता खाने से मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है इसलिए जब भी आपको भूख लगे आप पपीता खा सकते हैं।

# अदरक, लहसुन और शहद एक साथ खाने से मिलते हैं यह बेहतरीन फायदे

अदरक, लहसुन और शहद तीनों ही चीजें आयुर्वेद में औषधि के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। आमतौर पर भोजन बनाने के लिए मसाले के रूप में अदरक और लहसुन का इस्तेमाल भी लगभग हर भारतीय रसोई में किया जाता है। लहसुन में मौजूद गुण कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के खतरे को कम करने के लिए भी प्रभावी माने जाते हैं। अदरक, लहसुन और शहद का एक साथ सेवन करने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है और शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकलते हैं। सर्दी-जुकाम, फ्लू और बुखार जैसी समस्या में भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। ऑस्टियोअर्थराइटिस, और प्रोस्टेट बढ़ने की समस्या में भी लहसुन, अदरक और शहद का एकसाथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अदरक, लहसुन और शहद में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करते हैं और शरीर को कई तरह के इन्फेक्शन से भी बचाते हैं। अदरक के साथ शहद और लहसुन का सेवन करने से इसमें मौजूद गुण और बढ़ जाते हैं। इसका सेवन करने से कैंसर जैसी घातक और जानलेवा बीमारी में भी फायदा मिलता है। कीमोथेरेपी के दौरान शरीर पर पड़ने वाले रेडिएशन के प्रभाव को भी कम करने के लिए अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।



**इम्यूनिटी बढ़ाने में फायदेमंद :** शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। रोजाना खाली पेट इसका सेवन करने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और इन्फेक्शन आदि की समस्या में फायदा मिलता है। रोजाना लहसुन, अदरक और शहद को एक साथ मिक्स करके संतुलित मात्रा में सेवन कर सकते हैं।

**शरीर को डिटॉक्स करने में फायदेमंद :** लहसुन, अदरक और शहद में मौजूद गुण शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से किडनी को भी फायदा मिलता है। अदरक, लहसुन और शहद का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ शरीर को इन्फेक्शन आदि से बचाने के लिए फायदेमंद होता है। इनमें एंटी-फंगल, एंटी-वायरल और एंटी -बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को इन्फेक्शन और फ्लू आदि से बचाने का काम करते हैं।

**हार्ट को हेल्दी रखने में फायदेमंद :** दिल की सेहत के लिए अदरक, लहसुन और शहद का मिश्रण बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से दिल की धमनियों में मौजूद फैट को कम करने में फायदा मिलता है और ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक होता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए भी अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**सर्दी-जुकाम और फ्लू में फायदेमंद :** सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से मौसम के बदलाव की वजह से होने वाले इन्फेक्शन में बहुत फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से साइनस की समस्या में भी फायदा मिलता है।

**डायरिया में फायदेमंद :** बच्चों में डायरिया या दस्त की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अदरक, लहसुन और शहद का सिरप बनाकर बच्चों को एक चम्मच पिलाने से फायदा मिलता है।

**उल्टी और मतली की समस्या में फायदेमंद :** उल्टी और मतली की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। एनसीबीआई की एक स्टडी में भी इस बात की पुष्टि की गयी है। अदरक में मौजूद गुण उल्टी और मतली रोकने में बहुत प्रभावी होते हैं।

# तिल हटाने के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें चूना

होंठों के ऊपर या गालों पर तिल होना, आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देता है। लेकिन जब एक ही जगह पर 2 से अधिक तिल होते हैं, तो इससे पूरा लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में तिल को हटाने के लिए लोग तरह के क्रीम, सर्जरी या दवाइयों का सहारा लेते हैं। वहीं कुछ लोग घरेलू उपायों की मदद से तिल हटाना पसंद करते हैं। अगर आप भी घरेलू उपाय से तिल हटाना चाहते हैं, तो चूना इसके लिए बेस्ट हो सकता है। चूना लगाने से तिल धीरे-धीरे हल्का पड़ने लगता है और गायब हो जाता है।



**चूना और पान :** अगर आपके चेहरे, गर्दन या शरीर के किसी भी हिस्से पर तिल हैं और आप उसे हटाना चाहते हैं, तो चूना और पान का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप एक पान का पत्ता लें। इस पर चूने का पेस्ट डालें। इसके बाद इस पत्ते को तिल पर रख दें। आधे से एक घंटे बाद इसे हटाएं और कपड़े से साफ कर लें। रोजाना कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपका तिल धीरे-धीरे रिमूव होने लगेगा।

**चूना और एलोवेरा :** तिल हटाने के लिए आप चूना और एलोवेरा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप चूना लें और इसमें एलोवेरा जेल डाल दें। अब इन दोनों को अच्छी तरह मिलाएं और तिल पर लगा दें। एक घंटे बाद इसे साफ कर लें। दिन में 1-2 बार ऐसा करने से आपका तिल हट सकता है। आप इस घरेलू उपाय को लगातार एक हफ्ते तक ट्राई कर सकते हैं। एलोवेरा जेल तिल हटाने में असरदार हो सकता है।

### चूना और पानी

अगर आप शरीर के किसी हिस्से से तिल हटाना चाहते हैं, तो सिर्फ चूना और पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चुटकी चूना लें। इसमें थोड़ा सा पानी मिला लें। अब चूने के पेस्ट को तिल पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद कॉटन के कपड़े से पोछ लें। रोजाना 2-3 बार तिल पर चूना लगाने से आपको फर्क नजर आने लगेगा। तिल धीरे-धीरे निकलने लगेगा।

## आज होगा हिंदू सम्मेलन, बाइक रैली निकाली

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चौधरी कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में 8 फरवरी को माधव बस्ती की ओर से आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां अब परवान पर हैं। सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शनिवार को बस्ती के हिंदू जनमानस की ओर से साइकिल वाहन रैली निकाली गई और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर आयोजन का शंखनाद किया गया। शाम को सामुदायिक भवन से शुरू हुई साइकिल रैली में युवाओं और प्रबुद्ध जनों का भारी उत्साह देखने को मिला। हाथों में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों श्रद्धालु चौधरी कॉलोनी, गणेशजी मंदिर, आदर्श कॉलोनी, डालमिया की ढ़ाणी और गांधी नगर होते हुए गुजरे। रैली के समापन पर सभी ने एक स्वर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

#### कलश यात्रा और समरसता यज्ञ आज

सम्मेलन के मुख्य आयोजन रविवार प्रातः 11:30 बजे से शुरू होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में माधव बस्ती के चार अलग-अलग स्थानों से मातृशक्ति द्वारा कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके पश्चात आयोजन स्थल पर श्रद्धालु श्सामाजिक समरसता पांच कुण्डीय यज्ञ में आहुति देंगे।

#### संत सानिध्य और प्रबुद्ध जन का उद्बोधन

विराट हिंदू सम्मेलन में रविनाथ महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार होंगे, जो नारी शक्ति, संत रविदास और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर अपना उद्बोधन देंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में समस्त हिंदू समाज के लिए श्समरसता प्रसाद के रूप में भंडारे की व्यवस्था की गई है। आयोजन को सफल बनाने के लिए बस्ती के कार्यकर्ता अंतिम तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी देकर लाखों हड़पे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना में युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर लाखों रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल अशोक कुमार ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले 28 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात एक युवती से हुई थी। एक ही समाज के होने के कारण दोनों के बीच बातचीत होने लगी। युवती ने शादीशुदा होते हुए भी खुद को अविवाहित बताया। इस पर युवक की कुछ दिनों बाद सगाई हो गई। युवती को जब सगाई के बारे में पता चला तो उसने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी और एडिट फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। शातिर युवती ने पीड़ित की सगाई भी तुड़वा दी ओर ब्लैकमेल कर 2 लाख रुपए कैश और 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। जिसके बाद युवती 25 लाख का फ्लैट दिलवाने की मांग करने लगी। आए दिन की धमकी से परेशान होकर पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने युवती के खिलाफठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## 12 बच्चों का मुंबई में होगा निःशुल्क ऑपरेशन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शारदा शिक्षा एवं विकास समिति एवं मुस्कान चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मानसरोवर स्थित वानी वान्या फिजियो थेरेपी केंद्र पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ पीडियाट्रिक्स आर्थो सर्जन डॉ. तरल नागदा ने सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित 50 बच्चों की जांच की। इस दौरान बच्चो को फिजियोथेरेपी परामर्श एवं ट्रेनिंग दी गई। डॉ. नागदा ने बताया कि शिविर में आए बच्चों में से 12 बच्चों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है, जिनका ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा एवं चलने के लिए वॉकर, जूते एवं अन्य सामान भी दिए जाएंगे। शिविर में डॉ. सुशांत श्रीवास्तव, डॉ. श्याम समेत अन्य लोगों ने शिविर में सेवाएं दी। कार्यक्रम संयोजक सीएस कटारा ने बताया कि समिति की ओर से नियमित रूप से इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते हैं। समिति के संस्थापक आरएस कटारा ने अतिथियों एवं चिकित्सको का सम्मान किया। शिविर में अक्षय जैन सदस्य आरएचएए नीरज जैन जीएम, अनिल जैन डीजीएमए सी एस कटारा डीजीएमए विमल आरएसआरडीसी ने निःशुल्क सेवाएं दीं एवं चंद्रशेखर राष्ट्रीय संगठन मंत्री सक्षम कमल सक्षम, पधारे। आर एस कटारा अध्यक्ष एवं संस्थापक ने आभार जताया। कीर्तिका शर्मा, नीलम शर्मा, पुरवा जैन ने आभार व्यक्त किया।

## राधा कृष्ण मंदिर में हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि विधान पूर्वक संपन्न हुई। आचार्य पंडित शशिकांत शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित समारोह में मूर्तियों का महान्यास, नेत्रोन्मिलन, महापूजा, पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बद्रीदास स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, करणी सिंह शेखावत, रामूराम प्रजापत, देवी दत्त स्वामी, ओमप्रकाश स्वामी, डूंगरदास स्वामी, रामगोपाल शर्मा, रामधन प्रजापत, घिंसूलाल स्वामी, नथमल प्रजापत, महावीर स्वामी, कुंदनमल माली, कैलाश जाट, बाबूलाल मेघवाल सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# दीक्षांत समारोह के साथ आशीर्वाद समारोह मनाया

## मिस एण्ड मास्टर फेयरवेल की प्रतियोगिता आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एस एस मोदी विद्या विहार में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देने जा रहे कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद समारोह दीक्षांत समारोह के रूप में गरिमा व उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय ने बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह से पहले विभिन्न पदकों से सम्मानित करते हुए दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय कुमार आर्य, अतिरिक्त जिला कलेक्टर एडीएम झुंझुनू विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती और बुद्धिप्रदाता भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य विजय मसीह ने मुख्य अतिथि व आगंतुकों का संक्षिप्त परिचय दिया और विद्यालय की प्रगति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं का जिक्र किया। समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम आर्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने अपने विद्यालय के दिनों को साझा करते हुए बताया कि यदि सही से नहीं पढ़ा जाएगा तो आपकी बुद्धि कोई मायने नहीं रखेगी अभ्यास जरूरी है। आप भारत के भावी कर्णधार हो और आपके कंधो पर देश का भविष्य टिका हुआ है। कभी भी सफलता पर अहंकार न करें और यदि असफल हुए तो फिर से नयी शुरूआत करें। अच्छे संस्कारों को अपना, व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए अथक परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। बच्चों को अपनी मूल संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। अपने अंदर नेतृत्व करने की क्षमता पैदा करें। स्वयं खुश रहते हुए दुसरों को भी खुश रखने का प्रयास करें। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और आगामी बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करके विद्यालय की परंपरा को जारी रखने की बात कही। विद्यालय की हेड गर्ल तन्वी जगनानी ने दीक्षांत समारोह में सभी मेहमानों, अभिभावकों व अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप उपाधियों से नवाजा गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह कार्यक्रम समारोह में सबसे रोमांचक रहा। इसी शृंखला में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को उनके व्यक्तित्व के अनुरूप विभिन्न टाइटलों से नवाजा। इस दिन को यादगार बनाने के लिए कई रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया। कनिष्का व उनके दल ने जोश से भरपूर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। बच्चों ने विद्यालय से जुड़े अपने खट्टे.मीठे अनुभवों को साझा किया और विद्यालय के प्रति प्रेम व्यक्त किया। हैड बॉय ध्रुवांशु इंदोरिया ने अपने भाषण में विद्यालय में बिताये पलों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य महोदय ने मास्टर फेयरवेल-दिव्यांशु योगी, मिस फेयरवेल-तन्वी जगनानी, मास्टर स्पोटलाइट-ध्रवांशु, मिसस्पोट-लाइट-विधि, मास्टर ओरा-कुशालए मिस ओरा-काजल एस एस मोदी की घोषणा कर ताज पहनाया। बच्चों को स्मृति चिह्न टोकन ऑफ ब्लैसिंग प्रदान किये गये और शुभकामनाएँ दी गई। बच्चों के लिए सेल्फी कॉर्नर बनवाया गया जिससे उनकी यादें विद्यालय एवं अध्यापकों से जुड़ी रहे। विद्यालय स्टाफ ने भी बच्चों को शुभकामना व आशीर्वाद दिया। डिप्टी हैड बॉय आदित्य दुबे ने फेयरवेल के समापन पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय स्टाफ ने भी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व आशीर्वाद दिया। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## ग्राम उत्थान शिविर में ग्रामीणों के खिले चेहरे

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** ग्राम विकास उत्थान शिविर गिरदावर सर्किल रींगस का आयोजन तपीपल्या ग्राम में किया गया। शिविर में राज्य तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के बाद अनेक ग्रामिणों के चेहरे खिल उठे।

मौके पर दो जनों को पीएम आवास योजना में आवास की चाबी सौंपी गई तो लोगे के चेहरे खिल उठे। कई लोगों की आखें खुशी से नम हो गई। शिविर का उद्घाटन उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता तथा तहसीलदार महेश चन्द्र ओला ने किया। इस दौरान 36 खाता दुरुस्तीकरण, 10 सहमती विभाजन, 5 तरमीम शुद्धि 166 के 20 प्रकरण मौके पर ही निपटारे गये। तहसीलदार महेश ओला ने बताया कि इस दौरान शिविर के पास के ही एक खेत में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव देख कर किसान भी आश्चर्यचकित दिखाई दिए। मौके पर ही एक लाख रूपये गोपाल कार्ड योजना, 3 लाख रूपये सहकार किसान कल्याण योजना, 3 लाख 75 हजार रूपये खेत तलाई अनुदान वित्तीय योजना 80 हजार रूपये तारबन्दी अनुदान 1 लाख 20 हजार रूपये फार्म पोण्ड योजना सहित विभिन्न योजना के वित्तीय अनुदान स्वीकृत किये गये। पंचायत राज विभाग की ओर से बाबू लाल जांगिड़ पुत्र हनुमान सहाय तथा गोकुल जाखड़ पुत्र जवाहरसिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के आवास की चाबी सौंपी गई। पशुपालन विभाग की ओर से मंगला पशु बीमा योजना में झुमरी देवी पत्नी रामेश्वर लाल, ममता देवी पत्नी सागर मल, मोहनी देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद, संतोष देवी ग्राम पुरोहित का बास एवं मुरली देवी महला ग्राम दादिया रामपुरा को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा अन्य योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया गया। मौके पर ही जनसमस्याएं सुनी गई तथा निपटारा किया गया। इस दौरान अनेक विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## टैगोर में नेशनल एथलीट छात्रा का किया सम्मान




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** टैगोर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल निम्बी जोधा में कक्षा 12 की नेशनल एथलीट छात्रा खुशबू गोदारा का विशेष सम्मान किया गया। विद्यालय की छात्रा खुशबू ने 6 बार से अधिक नेशनल खेलों में भाग लेकर गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही कक्षा 10 व 12 में अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष बजरंग सिंह राठौड़ एवं मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह ओडिंट ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान द्वारा अतिथियों का साफा बंधन, माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष बजरंग सिंह राठौड़ ने छात्रों को जीवन में अनुशासन के साथ ही वर्तमान समय की चुनौतियों को स्वीकारते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह ओडिंट ने कहा कि हम सभी ईश्वर के अंश हैं, किसी भी विद्यार्थी को अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए और अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। समारोह अवसर पर संस्थान निदेशक गुलाब सिंह शेखावत ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम से अपनी किस्मत संवारने का आग्रह किया।

## साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए ऑटो रिक्शा रवाना

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा एवं ब्लॉक साक्षरता समिति के तत्वाधान में शहर सहित गांवों में साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए निदेशालय के आदेशानुसार ऑटो रिक्शा द्वारा प्रचार प्रसार के अन्तर्गत आमजन को डिजिटल साक्षरता एवं साक्षरता के बारे में जागरूकता लाने के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास द्वारा सीबीईओ कार्यालय से ऑटो को रवाना किया गया।

इस अवसर पर एसीबीईओ उमेश जाखड़ अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी प्रेम सिंह गोदारा एएओ अरविंद शर्मा पोषाहार प्रभारी दिलीप सैनी, योगेश शर्मा, चंदा शर्मा, बसंत शर्मा, भोपाल सिंह आदि उपस्थित थे। ब्लॉक समन्वयक भोलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उल्लास ऐप से 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ष के असाक्षरों को चिन्हित कर साक्षरता परीक्षा कराई जाती व साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए आज से गांवों व शहर में ऑटो रिक्शा द्वारा द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के रामलीला मैदान में रविवार को विवेकानंद विराट हिंदू सम्मेलन समिति गोठड़ा मण्डल के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष अभयसिंह हिंदुस्तानी एवं विलम शर्मा ने बताया कि रामलीला मैदान में रविवार सुबह ग्यारह बजे सम्मेलन का शुभारंभ होंगा। सम्मेलन से पूर्व सुबह सवा नौ बजे से नगर के विभिन्न स्थानो से कलश यात्रा निकाली जायेगी जो 11 बजे रामलीला मैदान मे पहुंचेगी। सम्मेलन के समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## बाबा रामदेव मन्दिर जीर्णोद्वार का हुआ शिलान्यास



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** लोसल के नजदीक ग्राम पंचायत सरवड़ी में श्री बाबा रामदेव मन्दिर के जीर्णोद्वार के लिए शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के अलावा आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। भव्य और दिव्य मन्दिर का जीर्णोद्धार के लिए सभी ग्रामवासी सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर धोद विधायक गोरधन वर्मा, सरपंच रामस्वरूप भाकर, कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष रामदयाल बगड़िया, मन्दिर समिति के सचिव विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष सत्यनारायण पारीक, कोषाध्यक्ष दिनेश बियानी, सह सचिव सुल्तान वर्मा, समिति के समस्त सदस्यों सहित सर्वसमाज के सभी नागरिक बंधु उपस्थित रहे। श्री बाबा रामदेव जी महाराज का 80 साल पहले का मन्दिर बना हुआ है, जिसका जीर्णोद्वार कर भव्य मन्दिर निर्माण का शिलान्यास कर गांव में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। अंत में मन्दिर कमेटी ने सहयोग देने के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

## सैनी सनातनी बनी हिन्दू किन्नर सभा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष

निसं



**पिलानी ( नवयत्न )।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि महाराज एवं प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया का मानना है कि किन्नर समाज की भूमिका से सनातन की शक्ति को मिलेगी नयी ताकत और नया स्वरूप में संगठनात्मक रूप से सशक्त करना ही हमारी प्रथमिकता है। इसी मंत्र के साथ तनीशा सैनी सनातनी को हिन्दू किन्नर सभा राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। अखिल भारत हिन्दू महासभा का यह मानना है समाज में किन्नर शक्ति के योगदान को किसी भी प्रकार से नकारा नहीं जा सकता। इसी मूलमंत्र के साथ अखिल भारत हिन्दू महासभा के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया, प्रदेश महामंत्री भागीरथ सिंह पिलानियां व कोर कमेटी अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र शर्मा झेरलीवाला की अनुशंसा पर तनीशा सैनी सनातनी के सनातन धर्म के प्रति निष्ठा व समर्पण को मध्य नजर रखते हुए हिन्दू किन्नर महासभा विंग का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आशा है कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज के सनातन के प्रति विचारों को जन जन तक पहुंचानें में अहम भूमिका निभाएगी। तनीशा सैनी सनातनी ने अपने मनोनयन पर प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया, प्रदेश महामंत्री भागीरथ सिंह पिलानिया व प्रदेश कोर कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला का आभार व्यक्त किया। तनीशा सैनी सनातनी ने कहा कि किन्नर शक्ति को संगठन से जोड़ कर किन्नर वर्ग को और आगे बढ़ाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। जब किन्नर समाज के साथ में मिलकर चलेगा तो सनातन धर्म और ज्यादा सशक्त होगा। तनीशा सैनी सनातनी के अखाड़े पर किन्नर समाज में खुशी की लहर है व बधाई देने वाले में नवीन कुमार सुरा प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील कुमार पूनिया झुंझुनू जिला अध्यक्ष, सुभाष चंद्र योगी झुन्झुनू कार्यकारी जिलाध्यक्ष, मनोज कुमार बराला मंडावा, कुलदीप सिंह शेखावत, श्रीकांत यादव, अनिल कौशिक, शिव कुमार काकोडा, अशोक प्रजापति, राजू शर्मा, सुनील कुमार, रविन्द्र कुमार, सीता राम योगी आदि शामिल हैं।

## भामाशाहों का राठौड़ ने किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भाजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया ने भामाशाहों का सम्मान किया। भामाशाह पवन मौसूण, द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़, लॉयंस क्लब सुजानगढ़ से कमल तापड़िया प्रशान्त पारीक, सुजलांचल विकास मंच समिति, तेरापंथ महिला मंडल, अणुव्रत समिति, टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, डॉ. रघुवीर तूनवाल एवं डॉ. मोनिका सिंघाटिया, एईएन राजेन्द्र कुमार प्रजापत, बजरंगी गौ सेवा समिति, महिला जागृति मंच को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दोनों नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक शाम-लता मंगेशकर के नाम सांस्कृतिक संध्या आयोजित

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत रत्न लता मंगेशकर की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर संस्कार भारती झुंझुनू द्वारा स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि ब्रिज एरो डिजिटल वर्ड के सौजन्य से आयोजित सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमावत थे।

अध्यक्षता नितिन अग्रवाल ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व उद्योग अधिकारी हनुमान प्रसाद जोशी, सहायक अभियंता प्रेमबिहारी माथुर, प्रो. रेनू शेखावत, प्रधानाचार्य मिनाक्षी तंवर, डॉ राजबाला ढाका, महावीर इंटरनेशनल के एम आई एफ जाकिर सिद्दीकी, योगाचार्य रामचंद्र पूनिया, पार्षद संदीप पाटिल, परमेश्वर शर्मा आदि थे। अतिथियों द्वारा लता मंगेशकर की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मनीषा शर्मा और निशा शर्मा ने लता के गीतों पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। कौशल कुमारी ने सुनो सजना, रिद्धिमा शर्मा ने पहली नजर को सलाम, प्रीति शर्मा ने मेरे नसीब में तू है के नहीं, डॉ राजबाला ढाका ने संतोष कुमार ने तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती, प्रेम बिहारी माथुर ने आपकी आँखों में कुछ महके हुए से राज हैं, जाकिर सिद्दीकी ने तू इस तरह से मेरी जिन्दगी में शामिल है, चन्द्र प्रकाश शर्मा ने हवा मेरे संग संग चल, दिव्यम सैन ने हमें और जीने की, रामचंद्र पूनियां ने मौसम है आशिकाना, आमिर खान ने, अनिल पाल ने जिन्दगी प्यार का गीत है, कुहू कुहू बोले कोयलिया, इकबाल खान ने ये रेशमी जुल्फें, मिनाक्षी तंवर ने थाने काजलियो बनाल्युं आदि गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के एम आई एफ ट्रस्टी जाकिर सिद्दीकी ने विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में नशे और व्यसनों से दूर रहने और नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सबको आह्वान किया। इस अवसर पर सेजल शेखावत, आकाश नेहरा, अनमोल, पूजा सैन, मनोज सैन, मनोहर लाल, पूनम शर्मा, अंजली शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह भाटी ने किया।

ICC U19 MEN'S CRICKET WORLD CUP

# वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वनडे में भारत के टॉप बैटर

## एक पारी में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन, 30 सिक्स भी लगाए

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में 175 रन की पारी खेलकर कई रिकॉर्ड्स बना डाले। हरारे क्रिकेट ग्राउंड में वैभव ने 15 चौके और 15 छक्के जमाए, यानी 150 रन तो केवल बाउंड्री से ही बना लिए। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 411 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारत ने मुकाबला 100 रन से जीतकर छठी बार खिताब अपने नाम किया। वैभव यूथ वनडे (अंडर-19 स्टेज) में भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। पूरे टूर्नामेंट में वैभव ने कुल 30 छक्के भी लगाए, जो सबसे ज्यादा है।

### यूथ वनडे में भारत अंडर-19 के लिए सबसे ज्यादा रन

| बैटर्स | मैच | रन | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 25 | 1412 | 175 |
| विजय जोल | 36 | 1404 | 128 |
| यशस्वी जायसवाल | 27 | 1386 | 114* |
| तन्मय श्रीवास्तव | 34 | 1316 | 110 |

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत के हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर

| बैटर्स | बेस्ट | साल |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 175 | 2026 |
| राज बावा | 162* | 2022 |
| शिखर धवन | 155* | 2004 |
| अंगकृष रघुवंशी | 144 | 2022 |
| मुशीर खान | 131 | 2024 |

### यूथ वनडे में भारत अंडर-19 के लिए बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | बाउंड्री से रन (4+6) | रन | Vs | मैदान | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 150 | 175 | इंग्लैंड | हरारे | 6 फरवरी 2026 |
| वैभव सूर्यवंशी | 120 | 171 | UAE | ICC-A दुबई | 12 दिसंबर 2025 |
| अंगकृष रघुवंशी | 112 | 144 | युगांडा | तारौबा | 22 जनवरी 2022 |
| वैभव सूर्यवंशी | 112 | 143 | इंग्लैंड | वॉर्सेस्टर | 5 जुलाई 2025 |
| राज बावा | 104 | 162 | युगांडा | ब्रायन लारा स्टेडियम | 22 जनवरी 2022 |

### सबसे तेज U19 WC शतक

| खिलाड़ी | बॉल | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| विल मलाजचुक (AUS) | 51 | जापान | 2026 |
| वैभव सूर्यवंशी (IND) | 55 | इंग्लैंड | 2026 |
| कासिम अकरम (PAK) | 63 | श्रीलंका | 2022 |
| बेन मेयस (ENG) | 65 | स्कॉटलैंड | 2026 |
| राज बावा (IND) | 69 | युगांडा | 2022 |

### स्टोरी में वैभव सूर्यवंशी के टॉप रिकॉर्ड्स

**1. वैभव इंडिया -19 के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर**-वैभव सूर्यवंशी यूथ वनडे क्रिकेट में भारत अंडर-19 के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महज 25 मैचों में 1412 रन बनाकर विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 36 मैचों में 1404 रन बनाए थे।

**2. भारत के लिए -19 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर**-वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उनकी 175 रन की पारी ने राज बावा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले बावा ने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में युगांडा के खिलाफ नाबाद 162 रन बनाए थे।

यह पारी यूथ वनडे इतिहास में भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। वैभव सिर्फ अंबाती रायडू (177*, 2002 ङ्क्षह्य इंग्लैंड) से पीछे हैं। सूर्यवंशी ने महज 71 गेंदों में 150 रन पूरे कर यूथ वनडे इतिहास का सबसे तेज 150 भी बनाया। उन्होंने अपना ही पुराना रिकॉर्ड बेहतर किया (एशिया कप में,श्व के खिलाफ 84 गेंद)।

इसके साथ ही वे यूथ वनडे में एक से अधिक बार 150+ स्कोर बनाने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले श्रीलंका के पुलिंदु परेरा और साउथ अफ्रीका के जोरिच वैन शाल्कविक ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे।

**3. वैभव के एक यूथ वनडे में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन**-यूथ वनडे क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी ने बाउंड्री हिटिंग के मामले में नया बेंचमार्क सेट कर दिया। वे एक एक यूथ वनडे में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन वाले बैटर बन गए। वैभव ने 175 रन की पारी में 15 चौके और 15 सिक्स की मदद से 150 रन बनाए। उन्होंने श्रीलंका के हसिथा बोयगोदा के 124 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हसिथा ने केन्या के खिलाफ 2018 -19 वर्ल्ड कप में 191 रन की पारी खेली थी।

**4. सूर्यवंशी फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर**-वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट विलियम्स हैं। उन्होंने 1988 में पाकिस्तान के खिलाफ 108 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, वैभव (175) किसी भी ढ्ढष्टष्ट टूर्नामेंट फाइनल (अंडर-19 और सीनियर) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली के नाम था, जिन्होंने 2022 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 170 रन की शानदार पारी खेली थी।

**5. सूर्यवंशी ने एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाए**-वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अपनी पारी में 15 छक्के जड़कर ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का रिकॉर्ड तोड़ा। हिल ने 2008 में नामीबिया के खिलाफ 12 सिक्स लगाए थे। वहीं क्रेग सिमंस ने 2002 में केन्या के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

सूर्यवंशी का दबदबा सिर्फ एक पारी तक सीमित नहीं है, यूथ वनडे क्रिकेट में वे महज 25 पारियों में ही 110 सिक्स लगा चुके हैं। यह आंकड़ा दूसरे नंबर पर मौजूद जावद अबरार (55) से दोगुना है, जबकि इस फॉर्मेट में कोई अन्य बल्लेबाज 40 सिक्स तक भी नहीं पहुंच सका।

**6. वैभव ने फाइनल मैच में दूसरा सबसे तेज शतक लगाया**-वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बैटर बने। उन्होंने 55 बॉल पर सेंचुरी लगाई। ऑस्ट्रेलिया के विल मलाइजचुक इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने इसी वर्ल्ड कप में जापान के खिलाफ महज 51 गेंदों में शतक ठोक दिया था।

**7. सूर्यवंशी ने इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में 30 छक्के लगाए**-अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब वैभव सूर्यवंशी के नाम दर्ज हो गया है। उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट में 30 छक्के जड़कर एक ही एडिशन में सबसे बड़े सिक्स-हिटर बनने का कारनामा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था, जिन्होंने 2022 में 18 छक्के लगाए थे। ओवरऑल आंकड़ों में भी 18 छक्कों का संयुक्त सर्वोच्च रिकॉर्ड था, जहां न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 2016 और 2018 एडिशन मिलाकर इतने ही छक्के जड़े थे।

**8. भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया**-भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 411 रन बनाए। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड 253 रन का था, जोकि ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 2024 में बनाया था।

# टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में हारते-हारते जीता पाकिस्तान

## फहीम ने आखिरी 2 ओवर में 3 छक्के लगाकर मैच पलटा, नीदरलैंड 3 विकेट से हारा

2009 का चैंपियन पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में नीदरलैंड से हारते-हारते जीत गया। टीम को जीत के लिए आखिरी 2 ओवर में 29 रन बनाने थे। उसे फहीम अशरफ ने 19वें ओवर में 3 छक्के लगाकर 3 विकेट की जीत दिलाई।

18वें ओवर तक नीदरलैंड का पलड़ा भारी था। 19वें ओवर की पहली बॉल पर फहीम ने छक्का लगाया, लेकिन दूसरी बॉल पर मैक्स ओडाउड से उनका कैच ड्रॉप हो गया। जीवनदान मिलने के बाद फहीम ने दो छक्के लगाकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर कर दिया। उन्होंने 11 बॉल पर नाबाद 29 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कोलंबो में शनिवार को खेले गए मैच में पाकिस्तान की के ओपनर साहिबजादा फरहान ने 47 रन बनाए। वे 3 रन से फिफ्टी चूक गए। सईम अयूब ने 24 रन बनाए। नीदरलैंड की ओर पॉल वैन मीकेरेन और आर्यन दत्त को 2-2 विकेट मिले।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग कर रही नीदरलैंड की पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए।

पाकिस्तान की ओर से सलमान मिर्जा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नीदरलैंड के 10 में से 9 बल्लेबाज कैच आउट हुए, जबकि केवल एक विकेट अबरार अहमद ने कॉलिन एकरमैन को बोल्ड कर हासिल किया।



# बीसीसीआई अंडर-19 वर्ल्डकप चैंपियन टीम को 7.5 करोड़ इनाम देगा

## सूर्यवंशी ने भोजपुरी गाने पर डांस किया, अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया

बीसीसीआई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 7.5 करोड़ की प्राइज मनी देगा। बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने शनिवार को इनामी राशि का ऐलान किया।

उन्होंने कहा, 'जीत के बाद पूरा देश खुश है। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, यह सराहनीय है। हमने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है।' भारत ने एक दिन पहले शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठी बार खिताब जीता। 175 रन की पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने जीत के बाद भोजपुरी गाने पर जमकर डांस किया। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया। फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

### खिलाड़ियों ने 'सॉरी-सॉरी' गाने पर डांस किया

टीम के सेलिब्रेशन के एक वीडियो क्लिप में वैभव कहते हैं कि पंजाबी गाना समझ नहीं आ रहा गाइज, अब भोजपुरी लगेगा। इसके बाद वैभव ने पवन सिंह का गाना सॉरी-सॉरी प्ले किया। इसके बाद सभी खिलाड़ी इस भोजपुरी गाने पर डांस करने लगे। वीडियो के आखिरी में वैभव कहते हैं कि अब मेरी तरफ से आज के लिए इतना ही काफी है। आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स ने डांस की वीडियो क्लिप पर कमेंट भी किया और लिखा कि एक बिहारी सब पर भारी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में वैभव सूर्यवंशी जीत के हीरो रहे। फाइनल में 175 रन की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा छक्के लगाने के चलते वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने।

## स्वास्थ्य

# सर्दियों में जरूर खाएं हरी धनिया की चटनी, सेहत को मिलेंगे गजब के फायदे

*भारतीय थाली में चटनी का अहम स्थान है। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए भोजन के साथ चटनी भी परोसी जाती है। आपने भी चाट-पकौड़े या पराठे के साथ हरी धनिया की चटनी जरूर खाई होगी। यह चटनी खाने में जितनी स्वादिष्ट होती है, उतनी ही हमारी सेहत के लिए फायदेमंद भी होती है। हरी धनिया की चटनी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, प्रोटीन, कैरोटीन, फाइबर और मिनरल जैसे पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं। सर्दियों में हरी धनिया की चटनी खाने से शरीर को कई लाभ होते हैं। हरी धनिया की चटनी का सेवन करने से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।*

**इम्यूनिटी होती है बूस्ट :** सर्दियों में हरी धनिया की चटनी खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। धनिया में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। सर्दियों के मौसम में हरी धनिया की चटनी खाने से मौसमी बीमारियों और संक्रमण से बचाव होता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद :** डायबिटीज के रोगी भी हरी धनिया की चटनी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हरी धनिया की चटनी खाने से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। इसका सेवन करने से बॉडी में इंसुलिन का स्तर कंट्रोल में रहता है।

**पाचन से जुड़ी समस्या होती है दूर :** सर्दियों में हरी धनिया की चटनी खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। अगर आप सर्दियों में पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो इस चटनी का सेवन कर सकते हैं। हरी धनिया की चटनी में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पाचन क्रिया सुधारने में मदद करता है। हरी धनिया की चटनी खाने से पेट में बदहजमी, मतली और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है।



**दिल के लिए फायदेमंद :** सर्दियों में हरी धनिया की चटनी का सेवन हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। धनिया में पोटेशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो दिल को हेल्दी रखने में मदद करता है। सर्दियों में हरी धनिया की चटनी खाने से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है।

**खून की कमी दूर करे :** शरीर में खून की कमी होने पर हरी धनिया की चटनी का सेवन काफी लाभकारी होता है। दरअसल, धनिया आयरन का अच्छा सोर्स है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने में मदद करता है। अगर आपको एनीमिया की शिकायत है, तो हरी धनिया की चटनी का सेवन जरूर करें।

# ठंड से तड़कने लगे कान या हो जाए दर्द और सूजन, घर पर तुरंत इन आयुर्वेदिक उपायों से करें ठीक

कान आपके सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी वजह से आप बाहरी आवाज को सुन पाते हैं। लेकिन इसके हेल्थ की तरफ ज्यादातर ध्यान तभी जाता है, जब इसमें कोई गड़बड़ी हो जाए। कान आपके मस्तिष्क, नाक, मुंह, आंख जैसे दूसरे अहम हिस्सों से आंतरिक रूप से जुड़ा होता है। ऐसे में इसमें दर्द आपको दूसरे दर्द से की ओर ले जा सकता है।

**तुलसी से पाएं कान के दर्द से छुटकारा**-तुलसी एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीमाइक्रोबियल और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुणों से भरपूर होती है। ऐसे में यह कान के दर्द और इन्फेक्शन से राहत दिलाने में मदद कर सकती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**-काने के दर्द से राहत के लिए तुलसी के कुछ पत्तों को ओखली और मूसल में पीस लें। अब इसके रस को छानकर एक से दो बूंद कान में डालें।

**कान के दर्द में फायदेमंद है लौंग का तेल**-लौंग के तेल में एनाल्जेसिक (दर्द निवारक) और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिसके वजह से एक्सपर्ट कान के दर्द को ठीक करने के लिए इसे यूज करने की सलाह देती हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**-एक चम्मच तिल के तेल में एक लौंग डालकर उबाल लें और ठंडा होने दें। तेल को छान लें और गर्म तेल की 1 से 2 बूंद प्रभावित कान में डालें।

**जैतून के तेल से करें कान दर्द का घरेलू उपचार**-एक्सपर्ट बताती है कि अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स हल्के से मध्यम लेवल के कान के दर्द को ठीक करने के लिए घरेलू उपाय के रूप में जैतून के तेल को प्रभावी मानता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**-एक चम्मच जैतून के तेल को गर्म करें और इसे ठंडा होने दें। तेल की 1 से 2 बूंद प्रभावित कान में डालें।

**टी ट्री ऑयल से करें कान दर्द ठीक**-टी ट्री ऑयल एंटीफंगल, एंटी बैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इसे कान के दर्द के लिए प्रभावी बनाते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**-जैतून का तेल, तिल का तेल या नारियल के तेल के एक चम्मच के साथ टी ट्री ऑयल की एक या दो बूंद मिलाएं। तेल को अच्छी तरह मिलाकर कान में 1 से 2 बूंद डालें। उपयोग करने से पहले तेल के तापमान की जांच जरूर करें।

**कान के सूजन को इन मसालों से कम करें**-यदि आपको कान के आसपास के क्षेत्र में सूजन का अनुभव हो रहा है, तो लहसुन और अदरक जैसे एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण वाले मसाले फायदेमंद हो सकते हैं। यह न केवल सूजन को कम करते हैं, बल्कि जमाव को दूर करने और कान के दर्द को कम करने में भी मदद करते हैं।



**ऐसे करें इस्तेमाल**-लहसुन की 3 कलियां गर्म करके उसमें चुटकी भर नमक मिलाकर कपड़े में रखकर दर्द वाले कान पर सेंकाई करें। इसके अलावा यदि आप अदरक का इस्तेमाल कर रहें तो ताजे अदरक के टुकड़े को ओखल और मूसल में डालकर रस निकालें। तरल को छान लें और प्रभावी कान के पास की त्वचा पर लगाएं।

# बढ़ती ठंड सेहत के लिए हो सकती है खतरनाक, हार्ट अटैक ही नहीं इन समस्याओं का भी रहता है खतरा

**उत्तर भारत में सर्दी का सितम जोरों पर है। कई जगहों पर पारा न्यूनतम 1 डिग्री तक लुढ़क जा रहा है। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। कड़कड़ाती ठंड में स्वास्थ्य को जरा सा नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। खासतौर पर जो लोग पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष देख-रेख की जरूरत है। दिल से लेकर सांस के मरीजों के लिए इतनी ठंड खतरनाक साबित हो सकती है। वहीं सामान्य आदमियों को भी सर्दी में इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।**

**हाई बीपी और दिल के रोगी रहें सावधान :** ठंड का बुरा प्रभाव सबसे पहले हाई बीपी और दिल के मरीजों पर होता है। ठंड में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती है, जिसकी वजह से शरीर में खून का प्रवाह और भी ज्यादा धीरे होने लगता है। जिससे उन्हें दिल का दौरा पड़ने की सबसे ज्यादा संभावना रहती है। दिल के मरीजों को ठंड के मौसम में खासतौर पर बचाव करने और खुद को गर्म रखने की जरूरत होती है। जिससे कि खून का प्रवाह कम ना होने पाए।

**हो सकता है पैरालिसिस :** सर्दी के मौसम में लकवा मारने के मामले बढ जाते हैं। खासतौर पर डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों में ये खतरा ज्यादा देखने को मिलता है। त्वचा के नीचे मौजूद रक्त की नलियां ठंड की वजह से सिकुड़ने लगती हैं। जिसके फलस्वरूप दिमाग में रक्त कम पहुंचता है और लकवा होने का डर बन जाता है।

**सांस लेने में तकलीफ :** ठंड और कोहरा अस्थमा के मरीजों के लिए परेशानी बढ़ाने वाला रहता है। खुद को ठंड से बचाने के लिए लोग घरों में कैद हो जाते है और खिड़की-दरवाजे भी नहीं खुलते। ऐसे में अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। वहीं बाहर की हवा में भी नमी की कमी होती है जो फेफड़ों को ठीक से काम नहीं करने देती और अस्थमा के मरीजों के लिए मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

### कैसे करें बचाव

- सर्दी के इस मौसम में बीमार के साथ ही स्वस्थ इंसान को भी पूरी देखभाल की जरूरत होती है। इन तरीकों को अपनाने से ठंड से बचाव किया जा सकता है
- सर्दी में ऊनी कपड़ों से शरीर को ढंककर रखें।
- ठंडे पानी से बिल्कुल भी ना नहाएं।
- पीने के लिए हल्के गुनगुने पानी को प्रयोग में लाएं।
- गर्म पेय पदार्थ की मदद से खुद को गर्म रखें।
- खान-पान का खास ध्यान रखें, तली-भुनी और गरिष्ठ चीजों को ना खाएं।
- शारीरिक गतिविधियां बेहद जरूरी हैं। घर के अंदर रहकर ही योग और हल्की कसरत से खुद को स्वस्थ रखें।
- बंद कमरे में बहुत देर तक हीटर जलाकर ना रखें।

# मैंने पूरे शहर को अपना परिवार समझा : निलोफर गौरी

## सभापति व पार्षदों का हुआ सम्मान समारोह

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सभापति निलोफर गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच सहित शहर के सभी पार्षदों का विदाई समारोह नगरपरिषद के मास्टर भवंरलाल मेघवाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि पांच साल तक बिना किसी बड़ी कटूता के कार्यकाल पूरा हुआ है, यह सुजानगढ़ के लिए काफी अच्छी बात है। मेघवाल ने कहा कि मैंने नगरपरिषद के साथ मिलकर सुजानगढ़ के विकास के कार्यों का गति देने का काम किया है और आगे भी मेरे प्रयास जारी रहेंगे। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि सभापति निलोफर गौरी ने बिना किसी भेदभाव के सेवा और विकास के लिए काम करने का संकल्प निभाया है और तमाम पार्षदों ने इसमें भागीदारी निभाई। गोदारा ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए काफी अच्छे कार्य सभापति ने करवाये, जो आने वाले समय में लोगों को याद रहेंगे। गोदारा ने कहा कि राजनेता कभी रिटायर नहीं होते, इसलिए जनसेवा के काम हम लोगों को लगातार करने हैं। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने कहा कि विरोध और संघर्ष के बावजूद भी सभापति की मुस्कान इनकी ताकत है। उप सभापति अमित मारोठिया ने शहर में करवाये गये विकास को अद्भुत बताया। सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि मैंने सेवा के साथ शहर के सभी वार्डों के विकास के संकल्प के साथ सभापति का पद संभाला था और शहर के प्रत्येक भाग को विकसित करने का प्रयास हम लोगों ने किया है। गौरी ने कहा कि जिस प्रकार से लोहिया स्टेडियम का विकास हो रहा है और शहर के बाहरी सड़क मार्गों पर डिवाईडर युक्त सड़कें, स्टेशन रोड़ पर बिजली लाईन अंडरग्राउण्ड करने काम काम, विद्युतीकरण, जलाशयों का सौंदर्यीकरण और चारदीवारी, सिवरेज के बाद ड्रेनेज के कार्य का गति पकड़ना आदि ऐसे बड़े काम हैं, जो जनता को मिले हैं। सभापति ने जनता, समस्त पार्षदों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि पूरे सुजानगढ़ को मैंने अपना परिवार समझा है। इस अवसर पर ठेकेदार एसोसियेशन की ओर से सभापति निलोफर गौरी का 51 किलो की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। एसासियेशन की ओर से बसंत पारीक, मदनलाल भारी, धनराज भाटी, कुलदीप सारण, महावीर मंडा, गिरधारीलाल, रूपाराम गुलेरिया आदि मौजूद रहे। कई ठेकेदारों की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय भी बनी रही। वहीं अतिथियों का स्वागत आयुक्त चारवी, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, मुन्नालाल मीना, ओमप्रकाश स्वामी, बबीता मीना आदि ने किया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष



रामावतार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, पार्षद दीनदयाल पारीक, इकबाल खान, शारदा मंडावरिया, शांति देवी, मीनाक्षी स्वामी, सीता देवी, सोनिका पीपलवा, सलीम खान गाजी, मनोज पारीक, बिलाल, रहीशन, लक्ष्मीपत प्रजापत, गौरव, हरिओम खोड, निर्मला तोदी, इस्माइल खान, शगुफ्ता, ताकिर क्याल, आसिफ अली चौहान, आसिफ नसवाण, रामनिवास बुगालिया, ओंकारमल, तरुण सियोता, मोहनलाल, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, कांग्रेस नेता बजरंग सेन, जगदेव बेड़ा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, पूर्व पार्षद सिराज खान, साबिर अली चौहान, कमल दाधीच, राकेश तंवर, इकबाल खां, पुरुषोत्तम शर्मा, लियाकत अली, परवीना बानो, धन्नीदेवी, रेवंतमल पंवार, इरशाद गौरी, सौरभ पीपलवा आदि लोगों का अभिनंदन साफा व माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में जनहित संघर्ष मोर्चा की ओर से गुलदस्ता भेंटकर सभापति का अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यक्रम के बाद सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि कांग्रेस बोर्ड का कार्यकाल एतिहासिक रहा है, क्योंकि यहां पर विपक्ष के लोगों ने भी विकास उत्सव मनाया है, जो हमारे विकास कार्यों का सबूत है। दूसरी ओर भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आज सुजानगढ़ की जनता मुक्त हो गई है। वहीं पार्षद रेंवतमल पंवार ने कहा कि कार्यक्रम में वाल्मिकी समाज की अनदेखी करते हुए इनका स्वागत नहीं करवाया गया और वाल्मिकी समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। कार्यक्रम का संचालन देविका चौधरी ने किया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में नगरपरिषद के कार्मिक व पार्षद सभापति को उनके आवास तक लेकर गए।

# राजेंद्र राठौड़ करते हैं जनमत का अपमान : मेघवाल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्रीय विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मेघवाल ने राजेंद्र राठोड़ के उस बयान पर पलटवार किया हैए जिसके तहत उन्होंने सुजानगढ़ की जनता के लिए कहा था कि आप लोग बार-बार काठ की हांडी चढ़ाकर कांग्रेस को जीताते हो। मनोज मेघवाल ने कहा कि लोकतन्त्र में जनता ही फैसला करने वाली है कि प्रधान कौन बनेगा, सभापति किसका बनेगा। क्योंकि प्रजा लोकतंत्र में अप्रत्यक्ष रूप से राजा है। ऐसे में जनता के फैसले पर सवाल उठाकर जनता का अपमान करने का काम राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किया है। मनोज मेघवाल ने कहा कि ऐसी बनावटी और लोक लुभावनी बातों में सुजानगढ़ की जनता नहीं बहकेगी, क्योंकि जनता को पता है कि जिस ड्रेनेज के कार्य का राजेंद्र सिंह राठौड़ ने शिलान्यास किया है, वो कांग्रेस के राज में ही स्वीकृत हुआ था और कांग्रेस के राज में ही प्रथम फैज के तहत 25 करोड़ स्वीकृत किए गए थे। मेघवाल ने कहा कि हारने के बाद भी फीते काटने और शिलापट्ट का अनावरण करने का शौक भाजपा नेताओं को काफी पुराना है। लेकिन जनता जानती है कि काम किसने किया और जनता के लिए समस्या समाधान कौन करवा सकता है।

# राजूराम आत्महत्या प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** गांव आसरासर में गत दिनों राजूराम नायक आत्महत्या प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी और परिजनों को सुरक्षा देने की मांग को लेकर शुक्रवार देरशाम मृतक के परिजनों और समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राजूराम ने गांव के कुछ दबंगों से आहत होकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। जिसके बाद सांडवा सीएचसी की मोर्चरी के आगे शव लेकर परिजनों और समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और अन्य मांगों को लेकर धरना भी दिया था। धरने में उच्चाधिकारियों ने पहुंचकर परिजनों को लिखित आश्वासन दिया था कि आरोपियों की गिरफ्तारी और परिजनों को सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। परंतु इतने दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहें है और परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध नहीं करवाई गई। ज्ञापन में लिखा है कि तीन दिन में यदि आरोपियों की गिरफ्तारी और अन्य मांगे नहीं मानी जाती है तो सोमवार से उपखंड कार्यालय बीदासर के आगे अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं ज्ञापन देने वालों में नायक महासभा के जिलाध्यक्ष तोलाराम नायक, एडवोकेट गोविंद मेघवाल, पंकज बोद्ध, हरिराम नायक, चम्पा देवी, दिवानी देवी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# अयोध्या की तर्ज पर बनेगा भव्य श्रीराम मंदिर, स्वामी चिन्मयानंद ने किया शिलान्यास



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे में गोवर्धन फाउंडेशन के सौजन्य से सीकर नोखा रोड़ स्थित बैनाथा बस स्टैंड के पास अयोध्या की तर्ज पर करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाले भव्य श्रीराम मंदिर की आधारशीला शनिवार को श्री विद्याधाम इंदौर एवं गुप्तकाशी के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने रखी। इस अवसर पर शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहां कि बीदासर क्षेत्र में टांटिया परिवार पर भगवान का अनुग्रह है, टांटिया परिवार के पूर्वजों पर भगवान का विशेष आशीर्वाद होने के चलते बीदासर की धरती पर यह बड़ी कृपा हुई है। सरस्वती ने कहां कि व्यक्ति के मन में लालसाएं और स्वार्थ बहुत होता है, लेकिन ये सब सांसारिक होता है। परंतु टांटिया परिवार का ये आधात्मिक जीवन से जुड़ा हुआ भाव और संकल्प है, जो परमात्मा भगवान श्रीराम के दिव्य मंदिर के माध्यम से पूरा करवा रही है। इससे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार होगा और आने वाली पीढ़ी लाभान्वित होगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कस्बे के लोगों में श्रद्धा व उत्साह का भाव देखने को मिला।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने मंगल गीत गाए। शिलान्यास कार्यक्रम से पूर्व गोपाल टांटिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। शिलान्यास समारोह में टांटिया परिवार के ईश्वरी प्रसाद टांटिया, डॉक्टर ओम प्रकाश टांटिया, डॉक्टर अरूणा टांटिया, पूजा, विनिता, सरला देवी टांटिया, अतुलए वैभव, अनुराग, अमृता, निर्मला टांटिया, सीताराम टांटिया पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, प्रधान संतोष मेघवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष दानमल बांठिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मेघराज सांखला, सुजानगढ के पूर्व एडीएम अनिल मेहला, भाजपा के जिला प्रवक्ता अरूण तिवारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिव कुमार टांटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सरकारी विभागों के अधिकारी व कस्बे के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर के तहत किसान मेला आयोजित

निसं

**चित्तौड़गढ़ ( नवयत्न )।** चित्तौड़गढ़ जिले के ग्राम सुरजना में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, यूनिट चंदेरिया बिरला सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत किसान मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं पशुपालन से संबंधित नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा आधुनिक संसाधनों की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। किसान मेले में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र सहित विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा कुल 14 स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवीन कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 400 से अधिक महिला एवं पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के दौरान विभिन्न बीज कंपनियों, उर्वरक कंपनियों एवं माइक्रो इरिगेशन कंपनियों द्वारा अपने उत्पादों और नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इससे किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन




तथा जल संरक्षण आधारित सिंचाई प्रणालियों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन किया गया। यह पहल ग्रामीण आजीविका संवर्धन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। किसान मेले में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता के साथ यह किसान मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की माइंस टीम एवं पर्यावरण टीम की प्रभावी एवं समन्वित सहभागिता रही। इस अवसर पर बिरला सीमेंट वर्क्स के इकाई प्रमुख दीपक जसूजा ने कहा कि बिरला कॉरपोरेशन सतत् विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम आसपास के किसानों को एक सशक्त एवं उपयोगी मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैंए जिससे वे आधुनिक तकनीकों, संसाधनों एवं नवाचारों से जुड़कर अपनी आय और उत्पादकता में वृद्धि कर सकें।

# गुलेरिया गांव की स्कूल में हुई चोरी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गुलेरिया की स्कूल में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। स्कूल के प्राचार्य चैनप्रकाश पुत्र दुलाराम प्रजापत, निवासी सुजानगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया है कि 6 फरवरी की शाम को स्कूल बंद करके हम लोग गए थे। सात फरवरी को वरिष्ठ अध्यापक महेन्द्र कुमार साढ़े 9 बजे शाला पहुंचे, तो कार्यालय का कुन्डा कटा हुआ मिला। कार्यालय की मारी अलमारिया खुली पड़ी थी, टेबल की सामग्री गायब मिली। स्कूल में से कम्प्यूटर, सीपीयूए पेन ड्राईव, स्टेल वेल, यूपीएसए रबर की मोहरें, लेपटाप, हार्ड डिस्क। आदि सामान चोरी हो जाने की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरी मुवकिला संजू कुमारी पुत्री सुरेन्द्र कुमार जाति मेघवाल निवासी मटाना तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनू (राज.) का एक आवासीय प्लॉट पट्टा मिसल नं. 03 क्षेत्रफल 23500 वर्ग गज वाके ग्राम मटाना तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनू में स्थित है। उक्त प्लॉट का पट्टा मुवकिल के पिता सुरेन्द्र कुमार के नाम से था मेरे मुवकिल्ला के पिता सुरेन्द्र कुमार व माता मुन्नी देवी का देहान्त हो चुका है।। इसके बाद मेरे मुवकिला के भाई पंकज ने संजू कुमारी के नाम हक त्याग कर दिया है। अब उक्त प्लॉट की मेरी मुवकीला एक मालिक है। अन्य किसी भी व्यक्ति का इस प्लॉट पर लेना देना नहीं है। उक्त प्लॉट पर मेरे मुवकिला द्वारा लोन लेने या अन्य किसी प्रकार का हस्तानान्तरण करने पर किसी को कोई आपत्ती / एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

**प्रपत्र संख्या 7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम**
**1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन**

मु. नं. 24/2026/265 दिनांकः- 4/2/26

सर्व साधारण को सूचनार्थ हेतु

**नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

चूंकि कृष्ण कुमार पुत्र श्री मुगाराम कस्वा वार्ड नं 16 टैगोर विधालय तारानगर चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत न्यू टैगोर पब्लिक शिक्षण संस्थान तारानगर चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

## नाम परिवर्तन

मैं सुनील खन्ना पुत्र राजू निवासी वार्ड नं. 16 मोहल्ला खटीकान झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू राज.। मैनें मेरा नाम सुनील से बदलकर सुनील खन्ना रख लिया है अतः भविष्य में मुझे सुनील खन्ना के नाम से जाना व पहचाना जावे। सभी उद्देश्यों के लिए।

## नाम परिवर्तन

मैं मनभरी देवी पत्नी सिपाही जोधाराम सर्विस नं. 18994, निवासी ग्राम राजीव नगर पोस्ट देरवाला तहसील व जिला झुंझुनू (राज.)। मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम MAN BHARI दर्ज है जबकि मेरा सही नाम MANBHARI DEVI व सही जन्मतिथि 01-01-1935 है। भविष्य में मुझे MANBHARI DEVI के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

# कार्यकाल के अंतिम दिन विभिन्न सड़कों का लोकार्पण

# वार्ड 19 में लोकार्पण चढ़ा विवादों की भेंट

## पार्षद और प्रत्याशी हुए आमने-सामने

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** नगर पालिका द्वारा कस्बे के अनेक वार्डों में करोड़ों रूपयों की लागत से बनी नव निर्मित सड़कों का लोकार्पण शनिवार को पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर पुजारी व पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने किया। इस अवसर पर वार्ड 18 में महाराणा प्रताप मार्ग, 19 में बाबा रामदेव व पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, 20 में विश्वकर्मा मार्ग, 23 में मां श्री यादे मार्ग व संत बिह्लानंद मार्ग, 24 में राजा दक्ष प्रजापति मार्ग, 25 में सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग, 26 में बाबा भोलेनाथ मार्ग, 27 में संत रेंवती रमण महाराज मार्ग, 28 में आपणों मार्ग, 29 में दादोजी लिखमाराम नाराणिया मार्ग, 30 में संत रविदास मार्ग, 31 में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, 33 में सामुदायिक भवन की चार दिवारी का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रहलाद जाखड़, मनोज पुजारी,



पार्षद बाबूलाल करड़वाल, पवन कुमार पारीक, पूर्व जिप सदस्य सोहन लाल लोहमरोड़, भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य भंवर सिंह राठौड़, बाबूलाल गुसाईवाल, सुखराम प्रजापत, मांगीलाल छापोला, घासीराम मेघवाल, हुकमीचंद गुसाईवाल, पेमाराम घोड़ेला, ताराचंद भोभरिया, जेठमल भाटी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं वार्ड 19 में हुए लोकार्पण कार्यक्रम में नेताओं को विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार वार्ड 19 में सड़क के हुए लोकार्पण में शिलापट्ट पर वार्ड के प्रत्याशी रहें भंवरसिंह राठौड़ का नाम लिखा हुआ था परंतु वार्ड पार्षद महेंद्र माली का नाम नहीं होने के कारण समर्थकों ने लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी कर विरोध जताया। कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। जिसके बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। विवाद के चलते पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# विदाई समारोह आयोजित




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री राधा स्वामी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल खेजरोली में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। को ऑर्डिनेटर महिपाल ने बताया कि जूनियर विद्यार्थियों द्वारा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम संयोजक अनीता जाट ने बताया कि कार्यक्रम में निदेशक मोहर सिंह खर्रा व गीता खर्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डॉ. वीरेंद्र सैनी, कैलाश बिजारणियां, प्राचार्या कल्पना दीक्षित, कॉलेज उप प्राचार्य राकेश यादव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व कार्यक्रम में मिस फेयरवेल विद्यांशी शर्मा एवं मिस्टर फेयरवेल प्रथमेश शर्मा को चुना गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में बच्चों ने अनेकों मनमोहक प्रस्तुतियां दी। के आर कुमावत ने बताया की कार्यक्रम में विदाई लेने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन चंद्रेश शर्मा द्वारा किया गया ।

# भव्य कलश यात्रा के साथ विराट हिंदू सम्मेलन आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पीरू सिंह बस्ती स्थित किसान कॉलोनी हनुमान मन्दिर में भव्य कलश यात्रा के साथ विराट हिंदू सम्मेलन रविवार को आयोजित होगा। जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष विनोद पुजारी एव संरक्षक रामचन्द्र शर्मा पटोदा ने बताया कि हनुमान मंदिर में प्रात: सवा 8 बजे हवन का आयोजन होगा जिसमें बस्ती के गणमान्यजन आहूति देंगे। उसके बाद सुबह सवा 9 बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें 551 महिलाएँ भाग लेगी व साथ में भगवा ध्वज के साथ बस्ती के गणमान्यजन रहेंगे। कलश यात्रा किसान कॉलोनी हनुमान मन्दिर से प्रारंभ होकर दानाराम अतिथि भवन से होकर, किसान कॉलोनी, विवेक नगर से न्यू कॉलोनी होते हुए वापस हनुमान मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात सवा 11 बजे से हनुमान मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें बस्ती से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा भाग लेंगे। सम्मेलन में बाद महाप्रसादी का कार्यक्रम भी होगा। भव्य कलश यात्रा व विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर शनिवार की पूर्व संध्या में बस्ती के विभिन्न मार्गों से होकर भव्य भगवा ध्वज वाहन शोभायात्रा निकाली गई। वाहन शोभायात्रा के पश्चात किसान कॉलोनी हनुमान मंदिर परिसर में धर्म ध्वज की स्थापना पंडित प्रांशु दीक्षित के आचार्यत्व में ध्वज की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर समिति संरक्षक रामचन्द्र शर्मा पटोदा, समिति अध्यक्ष विनोद पुजारी, सदस्य कमल कांत शर्मा, रामगोपाल शर्मा, सांवरमल सोनी, मुरारी जांगिड़, सुधीर चाहर, मनोज कुंडलवाल, नरेन्द्र शर्मा, कैलाश कुमावत, अनिल कुमासिया, सुरेंद्र कुमावत, मिलन कुमावत, मनोज कुमावत, विजय कुमार, महेश कुमार, धर्मपाल प्रजापत, योगेश बंशल, गुमानसिंह, अजय कुमावत, नितिन शर्मा, बजरंग अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बस्ती के गणमान्य लोगों ने भगवा ध्वज वाहन शोभा यात्रा में भाग लिया।



## राजकीय बालिका विद्यालय में भामाशाह का किया सम्मान



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय सीलनवाद में विद्यालय ने कमरों का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। भामाशाहों के सहयोग से स्कूल में करीब 40 लाख रुपए की लागत के विकास कार्य करवाए गए है। प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने बताया भामाशाह सहयोग से गत वर्ष चार कक्षा-कक्षों का निर्माण और गर्ल्स टॉयलेट का निर्माण करवाया गया और इसी सत्र में 5 नये कमरों का निर्माण करवाया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के सीबीईओ प्रहलाद राय एवं एसबीईईओ कल्याण सिंह अन्य अतिथि के तौर पर श्याम बाबू शर्मा एवं पीईईओ महावीर सिंह राठौड़, सुखदेव चोयल कटौती आदि मंचासिन रहे। इस समारोह में लगभग चार दर्जन से अधिक भामाशाहों का सम्मान हुआ। मंच संचालन राजेंद्र बीरड़ा ने किया।

## अधिशाषी अधिकारी के निवास हेतु नवनिर्मित क्वार्टर का उद्घाटन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नगरपालिका नोखा कार्यालय परिसर में अधिशाषी अधिकारी के निवास हेतु नवनिर्मित क्वार्टर का उद्घाटन नारायण झंवर, अध्यक्ष नगर पालिका नोखा के कर कमलों द्वारा किया गया। पालिकाध्यक्ष झंवर ने बताया कि नरगपालिका कार्यालय परिसर मे अधिशाषी अधिकारी के निवास हेतु राशि 24.63 लाख की लागत से उक्त क्वार्टर का निर्माण करवाया गया है, जिसका लोकार्पण कार्यक्रम आज रखा गया। इसके साथ ही पालिका के कार्मिकों का भी कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जमादार, ट्रैक्टर ड्राईवर, बागवान, भिश्ती, सफाई जमादार के पदों पर पदौन्नति प्रदान की गई, जिसका कार्यक्रम पालिका मिटींग हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं पार्षद डॉ. सीताराम पंचारिया, पालिका पार्षदगण प्रमोद पंचारिया, जगदीश मांझू, देवकिशन चाण्डक, जेठाराम कुमावत, प्रताप सियाग, पार्षद प्रतिनिधि हंसराज बिश्नोई, राजू पाण्डिया, पूर्व पार्षद मंगलाराम पण्डित पालिका अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मूलचन्द सेवग, जयनारायण झांझी, रेवन्तराम चांवरियां, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लोक कलाओं के महाकुंभ लोक कला संगम से आलोकित होगा शिल्पग्राम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर 20 से 22 फरवरी तक राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं के भव्य समागम की साक्षी बनेगी। संस्कार भारती, राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग तथा जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र में त्रि-दिवसीय लोक कला संगम-2026 का आयोजन किया जाएगा। संस्कार भारती जयपुर प्रांत के प्रचार-प्रसार मंत्री प्रदीप सिंह राजावत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य राजस्थान रै लोकरंग रो उजास को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करना है। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए 400 से अधिक लोक कलाकार अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव प्रतिदिन सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। 20 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 21 फरवरी को आरएसएस के सरकार्यवाह डॉ दत्तात्रेय होसबोले और 22 फरवरी को उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि होंगे। तीनों दिनों में चंग धमाल, भवाई, तेरहताली, कठपुतली, कच्छी घोड़ी, गींदड़, फड़ वाचन, लोक संगीत एवं विविध लोक नृत्य-गायन की प्रस्तुतियां होगी। प्रांत अध्यक्ष मधु भट्ट तैलंग ने बताया कि मध्याह्न में कृष्णायन सभागार में लोक चौपाल आयोजित होगी, जिसमें छह सत्रों में 25 से अधिक कला मर्मज्ञ लोक साहित्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और लोक कलाओं के संरक्षण पर विमर्श करेंगे। शिल्पग्राम परिसर में हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## राज्य स्तरीय वन मेले का वन मंत्री करेंगे शुभारंभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वन विभाग राजस्थान द्वारा प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 व 10 फरवरी को सचिवालय नर्सरी जयपुर में राज्य स्तरीय वन मेला-2026 का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्घाटन 9 फरवरी को प्रात: 11 बजे वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा करेंगे। वन मेले में वन एवं वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, औषधीय पौधों तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जाएगी। मेले में उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, चूरू, करौली, अलवर, टोंक, दौसा, सवाई माधोपुर, जयपुर, कोटा, बारां, प्रतापगढ़, राजसमंद, बीकानेर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के वन मंडल, स्वयं सहायता समूह, राजीविका, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य संस्थाएं भाग लेंगी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश, नोएडा, मुंबई एवं अन्य राज्यों की सहभागिता भी रहेगी। मेले में शहद, जामुन, लाख, गोंद, जड़ी-बूटी, औषधीय एवं सुगंधित पौधे, एलोवेरा व हर्बल उत्पाद, बांस व बांस शिल्प, लकड़ी हस्तशिल्प, मिलेट आधारित खाद्य पदार्थ, मसाले, अचार, नीम उत्पाद, जैव उर्वरक, मंडाना जनजातीय कला, बीज-पौध सामग्री, थार क्षेत्र के कैर-सांगरी सहित पंच गौरव उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय किया जाएगा। आईआईटी जोधपुर एवं बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी सहित शैक्षणिक व अनुसंधान संस्थानों के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञों द्वारा टॉक शो और संवाद सत्र आयोजित होंगे। यह मेला विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्रकृति प्रेमियों और आमजन के लिए पर्यावरण जागरूकता का महत्वपूर्ण मंच होगा।

## बदबूदार गंदा पानी आया सप्लाई में, लोग परेशान

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नूर नगर स्थित घरों व दुकानों में दूषित और बदबूदार पानी आने से लोगों में हड़कम्प सा मच गया। लोगों आईस फैक्ट्री के पास के दुकानदारों ने बताया कि हम लोगों ने हमारे पानी के जल सग्रह में पानी डाल दियाए जिससे पूरा का पूरा पानी दूषित हो गया। दुकानदार भंवरू खान ने बताया कि एक दो लोगों ने दूषित पानी पी लिया, तो तबीयत खराब होने की शिकायत सामने आई। दूसरी ओर हम लोगों को पानी के कैंपर मोल मंगवाने पड़ रहे हैं। दुकानदार भंवरू खां की दुकान पर जाकर देखने पर सामने आया कि अत्यंत ही बदबूदार और सर्फ के जैसे झाग का पानी सप्लाई में आया है, जिसे इंसान, तो दूर पशु भी नहीं पी सकते। इस बारे में पार्षद एडवोकेट सलीम खान गाजी ने बताया कि मैंने समस्या समाधान के लिए जलदाय विभाग से बात की है। जिन्होंने जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। फिलहाल दूषित पेयजल की सप्लाई आने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



## पालिकाध्यक्ष सैनी की भतीजियों की निकाली बिंदौरी

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी और समाजसेवी शीशराम सैनी की भतीजी डॉ. खुशबू दहिया और ईशा दहिया की शादी है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सैनी ने यादगार बनाने के लिए दोनों भतीजियों की बिंदोरी धूमधाम से निकाली। दोनों बेटियों को बग्गी में बैठाकर बैंड बाजे के साथ बिंदौरी रवाना हुई। जिसमें पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि और काफी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए। बेटियों की शादी में परिवार की महिलाओं, बच्चियों के साथ अन्य सदस्यों, रिश्तेदारों ने जमकर डांस किया और खुशी में झूमते हुए नजर आए। पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी ने भी डांस कर खुशी का इजहार किया। लोग घरों की छतों से और गलियों से इस अनोखे दृश्य को देख कर प्रफुल्लित नजर आए। बिंदोरी के दौरान माहौल पूरी तरह उत्सव में बदल गया। दोनों की शादी 10 फरवरी को होनी है।



## पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सीओई एआई एवं एमएल के तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय छात्र कार्यशाला डेटा एनालिटिक्स विद टैब्लो 3 से 7 फरवरी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन पालिका जाजू सहायक प्रोफेसर, विभाग, डॉ. अर्चिका जैन सहायक प्रोफेसर, विभाग एवं आशीष पंत सहायक प्रोफेसर, विभाग, द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान उद्योग जगत से आए विशेषज्ञों ने विषय से संबंधित अपने ज्ञान और अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों द्वारा ज्ंइसमंन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें छात्रों को डेटा विश्लेषण, इंटरएक्टिव डैशबोर्ड निर्माण एवं ब्ड डेटा का विश्लेषण सिखाया गया।

कार्यशाला में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा डेटा विजुअलाइजेशन के व्यावहारिक पहलुओं को समझा।

## हॉकी और कबड्डी के खिलाड़ियों ने स्किल टेस्ट में लगाया जोर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की के लिये आयोजित की जा रही आठ दिवसीय चयन ट्रायल के अंतर्गत शनिवार को पांचवें दिन जहाँ हॉकी और कबड्डी के खिलाड़ियों ने स्किल टेस्ट में जोर लगाया। वही बालक बास्केटबाल अकादमी-जैसलमेर 53 बालक बास्केटबाल अकादमी सी. वर्ग-जयपुर 19, बालिका बास्केटबाल अकादमी-जयपुर 45, बालक बास्केटबाल अकादमी प्रस्तावित-सीकर 21, एवं बालक बास्केटबाल अकादमी प्रस्तावित-बाड़मेर 28, कुल 166 ने रजिस्ट्रेशन करवाया। उसके बाद मेडिकल और फिर बैटरी टेस्ट लिया गया।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि रविवार को बालक बास्केटबाल अकादमी-जैसलमेर, बालक बास्केटबाल अकादमी, सीनियर वर्गद्ध-जयपुर, बालिका बास्केटबाल अकादमी-जयपुर, बालिका खेल संस्थान बास्केटबाल-उदयपुर, बालक बास्केटबाल अकादमी प्रस्तावित-सीकर, बालक बास्केटबाल अकादमी प्रस्तावित-बाड़मेर के लिए स्किल टेस्ट होगा। उन्होंने बताया कि रविवार को ही बालिका फुटबाल अकादमी-कोटा, बालक फुटबाल अकादमी-जोधपुर, बालिका खेल संस्थान फुटबाल-जयपुर, बालक फुटबाल अकादमी, प्रस्तावित-कोलिड़ा, सीकर, बालक फुटबाल अकादमी प्रस्तावित-बांसवाड़ा के लिये ट्रायल में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया जायेगा।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीडीपीओ सुमित्रा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीडीपीओ ने महिलाओं को महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंत्री मातृत्व पोषण योजना के बारे में बताया।

योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में कुपोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। किशोरी बालिकाओं को मुख्यमंत्री मंत्री मातृत्व योजना एमएमएमपीवाई के बारे में जानकारी दी गई। कुपोषण के दुष्चक्र तथा विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक सुमन बिजारणियां ने कुपोषण का दुष्चक्र के प्रभाव तथा विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं से जन समुदाय को अवगत करवाया। इस अवसर पर शीशपाल, जोगिंदर, सुमन बिजारणियां एवार्ड पार्षद रीमा देवीएरविंद्र , छड सजना देवी, महिला पर्यवेक्षक निधि वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी तथा अन्य महिलाऐ उपस्थित रहीं। पोषण ट्रैकर एप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्मिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट करके उत्साहवर्धन किया।

## श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम हाथीदेह मे 2 से 10 फरवरी तक चलने वाले आत्माराम संत आश्रम के 9 दिवसीय 51 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार तक कुल 11 लाख आहुतियां लगी चुकी हैं। छठवें दिन शनिवार को महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एवं गहमागहमी देखने को मिली। हाथीदेह, सांवलपुरा तंवरान, बुर्जा की ढ़ाणी, हरदासकाबास, खटकड़, किशोरपुरा, टटेरा, अजमेरी एपीथलपुर, किशनपुरा समेत आस-पास के गांवों के लोग यज्ञ-स्थल पर पहुंचे, जिन्होंने मंदिर में दर्शन किए, यज्ञ मंडप की परिक्रमा की एवं भण्डारा पंगत- प्रसादी ग्रहण करके रामकथा का भी भरपूर आनंद उठाया। सुबह 8 से 11 बजे तक एवं दोपहर बाद 3 से शाम 6 बजे तक चलने वाले महायज्ञ में यजमान जोड़े विद्वान पण्डितों के वैदिक व श्रीराम मंत्र के मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देने में व्यस्त देखे गए। यज्ञाचार्य पण्डित डॉ. कृष्णकांत शास्त्री एवं उनकी विद्वान पण्डितों की टीम महायज्ञ को विधिवत ढंग से सम्पादित करने में जुटी हुई है वहीं रामकथा वाचक गौभक्त रणवीर भाई अपने सुमधुर स्वरों में रामकथा सुनाने में मशगूल हैं। आयोजन समिति के कार्यकर्ता अपने-अपने जिम्मे का काम निपटाने में लगे हुए हैं। मातृशक्ति एवं नन्हें-मुन्ने बच्चों का ज्यादातर झुकाव झूला झूलने में देखा जा रहा है। व्यवस्था काबिले-तारीफ है जिसका सारा श्रेय ग्राम जनता, कार्यकर्ताओं, मंदिर प्रशासन एवं आगंतुक श्रद्धालुओं को जाता है। सभी व्यवस्थाओं में सहयोग करके अपना दायित्व पूरा कर रहे हैं जिससे कि महायज्ञ निर्विघ्न सम्पन्न करवाया जा सके। हनुमान दास महाराज एवं हरिदास महाराज का कुशल सान्निध्य महायज्ञ को परवान चढ़ा रहा है।

## हवन सामग्री युक्त गोकाष्ठ से होगा होलिका दहन छोटीकाशी में इस बार मनाई जाएगी वैदिक होली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटीकाशी में इस बार वैदिक होली मनाई जाएगी। जन-जन को होलिका दहन को नवसस्येष्टि यज्ञ के रूप मनाने की मुहिम अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने शुरू की है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लकड़ी के बजाय देसी नस्ल की गाय के गोबर से बनाए गोकाष्ठ से प्रज्वलित वैदिक होली में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जाएंगी। होलिका दहन के लिए नि:शुल्क सुगंधित सामग्री वितरण करने की भी योजना है। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में जयपुर की विभिन्न गोशालाओं में विशेष रूप से निर्मित हो रहे गोकाष्ठ के माध्यम से होलिका दहन किया जाएगा। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि परंपरागत होलिका दहन में बड़ी मात्रा में लकड़ी के उपयोग से वनों को नुकसान पहुंचता है। इसके विकल्प के रूप में गाय के गोबर से निर्मित गोकाष्ठ एक पूर्णत: पर्यावरण अनुकूल समाधान है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि गोकाष्ठ में देसी नस्ल की गाय का शुद्ध घी, हवन सामग्री, सुगंधित औषधियां, कपूर एवं अन्य प्राकृतिक सामग्री मिलाई जा रही हैं। इससे होलिका दहन के दौरान वातावरण शुद्ध होगा, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा तथा हानिकारक जीवाणुओं और विषाणुओं का नाश होगा। उन्होंने कहा कि परिषद होलिका दहन को केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक हवन के रूप में स्थापित करना चाहती है। वैदिक परंपरा में होली को एक सामूहिक यज्ञ माना गया है, जिसमें लोग अपनी नवीन फसल का अंश अग्नि देव को अर्पित कर कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इसी भावना के साथ मंत्रोच्चार द्वारा सामूहिक आहुतियां दी जाएंगी और नवसस्येष्टि यज्ञ का आयोजन होगा। परिषद गोकाष्ठ को लागत मूल्य पर उपलब्ध कराएगी ताकि अधिक से अधिक लोग लकड़ी के स्थान पर इसे अपनाएं। इसके लिए अग्रिम बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही गोविंद देवजी मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर आमजन के लिए नि:शुल्क हवन सामग्री, लौंग, इलायची, कपूर एवं गुग्गल धूप का वितरण भी किया जाएगा, जिससे लोग वैदिक विधि से होलिका दहन में सहभागिता कर सकें। श्री पिंजरापोल गोशाला में इस अभियान के अंतर्गत महिलाएं गोबर से गोकाष्ठ एवं गोबर के बडकुल्ले तैयार कर रही हैं, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। यह पहल गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। परिषद का मानना है कि यदि धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक सोच और वैदिक परंपराओं से जोड़ा जाए, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। यह आयोजन गौ-आधारित अर्थव्यवस्था, महिला रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देगा।

### नि:शुल्क गायत्री महायज्ञ आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में रविवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक निशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी। यज्ञ में कोई भी आहुतियां अर्पित कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को कोई भी सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं हैं। शनिवार को यज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। यह यज्ञ अपने आप में अनूठा होगा। यज्ञ के बाद किसी को भी पैसे देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। देव दक्षिणा के रूप में श्रद्धालु यज्ञशाला में एक बुराई छोड़ने का संकल्प लें यही पर्याप्त है। उसके बदले में एक अच्छाई ग्रहण करने का प्रण भी लेना होगा। बुराइयों और अच्छाइयों की एक लिस्ट यज्ञशाला में लगी होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190